हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 308, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 — 27 अप्रैल, 2022 दिन बुधवार — गाजीपुर/वाराणसी

## देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तो भारत की उपलब्धियां वैश्विक होनी चाहिए : मोदी

### शिवगिरि तीर्थ यात्रा की 90वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री बोले– ये केवल एक संस्था की यात्रा भर नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सरकारी आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर शिवगिरि तीर्थ यात्रा की 90वीं वर्षगांठ और ब्रह्म विद्यालय की स्वर्ण जयंती के वर्ष भर चलने वाले संयुक्त समारोह के उद्घाटन के बाद अपने उद्बोधन में कहा कि 25 साल बाद देश जब आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा तो भारत की उपलब्धियां वैश्विक होनी चाहिए और इसके लिए उसकी दूरदृष्टि भी वैश्विक होनी चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि तीर्थदानम् की 90 सालों की यात्रा और ब्रह्म विद्यालयम्‌ की गोल्डन जुबली, ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये भारत के उस विचार की भी अमर यात्रा है, जो अलग-अलग कालखंड में अलग-अलग माध्यमों के जरिए आगे बढ़ता रहता है।

मोदी ने बताया कि जब केदारनाथ जी में बहुत बड़ा हादसा हुआ। यात्री जीवन व मृत्यु के बीच जूझ रहे थे। उत्तराखंड में और केंद्र में तब कांग्रेस की सरकार थी। तब मैं गुजरात में मुख्यमंत्री था। तब शिवगिरि मठ से मुझे फोन कॉल आया कि हमारे संत वहां फंस गए हैं, उनका पता नहीं लग रहा है और ये काम आपको करना है। बड़ी-बड़ी सरकारें होने के बाद भी शिवगिरि मठ ने ये काम मुझे दिया। मुझे उसे सेवा कार्य का मौका मिला और सभी संतों को मैं सही-सलामत वापस ला पाया। पीएम ने



कहा, 'वाराणसी में शिव की नगरी हो या वरकला में शिवगिरि, भारत की ऊर्जा का हर केंद्र, हम सभी भारतीयों के जीवन में विशेष स्थान रखता है। ये स्थान केवल तीर्थ भर नहीं हैं, ये आस्था के केंद्र भर नहीं हैं, ये एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के जाग्रत प्रतिष्ठान हैं।' दुनिया के कई देश, कई सभ्यताएं जब अपने धर्म से भटकीं, तो वहां आध्यात्म की जगह भौतिकतावाद ने ले ली, लेकिन भारत के ऋषियों, संतों, गुरुओं ने हमेशा विचारों और व्यवहारों का शोधन किया, संवर्धन किया। पीएम ने कहा कि नारायण गुरुजी ने धर्म को शोधित किया, परिमार्जित किया, समयानुकूल परिवर्तन किया। उन्होंने रूढ़ियों और बुराइयों के खिलाफ अभियान चलाया और भारत को उसके यथार्थ से परिचित कराया। नारायण गुरुजी ने जातिवाद के नाम पर चल रहे, भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी। मोदी ने आगे कहा कि हम सभी की एक ही जाति है- भारतीयता। हम सभी का एक ही धर्म है- सेवा धर्म, अपने कर्तव्यों का पालन। हम सभी का एक ही ईश्वर है- भारत मां के 130 करोड़ से अधिक संतान। हमें ये भी याद रखना चाहिए कि हमारा स्वतंत्रता संग्राम केवल विरोध प्रदर्शन और राजनैतिक रणनीतियों तक ही सीमित नहीं था। ये गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने की लड़ाई तो थी ही, लेकिन साथ ही एक आजाद देश के रूप में हम होंगे, कैसे होंगे, इसका विचार भी था। आज से 25 साल बाद देश अपनी आजादी के 100 साल मनाएगा, और दस साल बाद हम तीर्थदानम्‌ के 100 सालों की यात्रा भी उत्सव मनाएंगे। इन सौ सालों की यात्रा में हमारी उपलब्धियां वैश्विक होनी चाहिए, और इसके लिए हमारा विजन भी वैश्विक होना चाहिए। बता दें कि शिवगिरि मठ अप्रैल 2022 से संयुक्त रूप से शिवगिरि तीर्थयात्रा के 'नवती' और ब्रह्म विद्यालय की स्वर्ण जयंती के अवसर पर एक साल का कार्यक्रम मनाएगा।

### प्रशांत किशोर से डील को लेकर बोले केटीआर पार्टी को बाहरी सलाह की जरूरत

नई दिल्ली। प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की संभावनाओं के बीच तेलंगाना सरकार में मंत्री और टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने कहा है कि पार्टी लगता है कि उसे बाहरी सलाह की जरूरत है। केटी रामा राव ने कहा कि लगातार दो चुनाव जीतने के बाद पार्टी को लग रहा है कि हमें नई पीढ़ी की तरफ फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा- हम 18 से 35 साल तक की उम्र के लोगों तक पहुंचना चाहते हैं। इसके लिए हमें बाहरी सलाह की जरूरत पड़ेगी। केटीआर ने ये भी कहा कि पार्टी नेताओं और प्रशांत किशोर के बीच इस मामले को लेकर कई बैठकें भी हो चुकी है। प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की खबर को लेकर केटीआर ने कहा- हम प्रशांत किशोर से पहली बार नहीं मिल रहे हैं। बीते पांच सालों में हमारी कई मुलाकातें हो चुकी है। आप कह रहे हैं कि वो कांग्रेस में शामिल होने वाले हैं लेकिन प्रशांत किशोर ने खुद ऐसा कुछ नहीं कहा है। देश की हर पार्टी किसी ना किसी चुनावी रणनीतिकार के साथ काम कर रही है। गौरतलब है कि केटीआर का ये बयान ऐसे समय पर आया है जब पीके के कांग्रेस में शामिल होने की जोर-शोर से चर्चा है। पीके और कांग्रेस आलाकमान के बीच कई राउंड की बैठक हो चुकी है।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने लोकतंत्र पर दिखाया यूरोपीय मुल्कों को आइना

नई दिल्ली। दिल्ली में जारी रायसीना डायलॉग के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इशारों ही इशारों में अफगानिस्तान के बहाने यूरोप के नेताओं को दिखाया दोहरे मापदण्डों पर आईना। यूक्रेन संकट के मामले पर भारतीय रुख पर नॉर्वे और लग्जमबर्ग के विदेशमंत्रीयों की तरफ से आए सवालों पर जयशंकर ने कहा कि भारत का नजरिया साफ है। हम चाहते हैं कि हिंसा पर तुरंत रोक लगाई जाए और समाधान के लिए कूटनीतिक प्रयास किए जाएं। हालांकि यह समझा जा सकता है कि यूरोप और पश्चिमी देशों के लिए यह सबसे गम्भीर मुद्दा है। मगर हम सभी अपनी अपनी स्थितियों के अनुसार प्राथमिकताएं तय करते हैं। यह समझना होगा कि इससे बाहर भी दुनिया में कई मुद्दे हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि अफगानिस्तान में जिस तरफ पूरी सिविल सोसाइटी को अपनी हालत पर छोड़ दिया गया उसे भी किसी वैश्विक व्यवस्था के मानक से जस्टिफाई नहीं किया जा सकता। अच्छा है कि आप भारत में बैठ कर बात कर रहे हैं जहां से अन्य मुद्दों को भी देखा जा सकता है। कम से कम हम आपको संकट की स्थिति में व्यापार बढ़ाने की वो सलाह नहीं दे रहे हैं जो हमें दी जाती है। रायसीना डायलॉग के सातवें संस्करण की शुरूआत कल यानी 25 अप्रैल से हुआ। इस



कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत शाम 6 से 7 बजे के बीच हुई। दिल्ली के ताज पैलेस होटल में होने वाले इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन थीं। रायसीना डायलॉग की शुरूआत साल 2016 में हई थी और उसके बाद से हर साल इसका आयोजन होता आ रहा है। आयोजन भारतीय विदेश मंत्रालय और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की ओर से किया जाता है।

### आर्टिकल 370 निरस्त करने के खिलाफ दाखिल अर्जी पर जुलाई में हो सकती है सुनवाई

जम्मू। सुप्रीम कोर्ट में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 निरस्त किए जाने के खिलाफ याचिकाओं पर जुलाई में सुनवाई हो सकती है। आर्टिकल 370 हटाने के सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जल्द सुनवाई की मांग की गई थी। इस पर भारत के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा कि वो 370 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए जुलाई में पांच जजों की बेंच का गठन करने की कोशिश करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुवाई वाली बेंच के सामने यह मामला उठाया गया। एडवोकेट शेखर नाफडे ने मामला उठाया और कहा कि जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का देने वाले अनुच्छेद-370 को खत्म किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है। यह मामला 2019 से पेंडिंग है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से जल्द सुनवाई की गुहार लगाई गई।

## कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ बस पर ग्रेनेड से हमला, आतंकियों की तलाश जारी

जम्मू। दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम में सीआरपीएफ के वाहन पर आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला कर दिया। गनीमत यह रही कि इस हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस हमले के तुरंत बाद आतंकी



घटनास्थल से फरार हो गए। सुरक्षाबलों और पुलिस ने आतंकियों की धरपकड़ के लिए संयुक्त तलाशी अभियान छेड़ दिया है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिला के बराजलू इलाके से गुजर रही सीआरपीएफ की बस पर आतंकियों ने अचानक ग्रेनेड से हमला कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, आतंकियों ने सीआरपीएफ जवानों को लेकर जा रही बस पर ग्रेनेड से हमला कर दिया। बस में सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन के जवान सवार थे। गनीमत यह रही कि ग्रेनेड बस के करीब जमीन पर गिरकर फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास मौजूद सुरक्षाबल के जवान और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। आतंकी ग्रेनेड हमले के उपरांत वहां से फरार हो गए। आतंकियों की धरपकड़ के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी है। हर वाहन की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है। आतंकियों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान भी छेड़ दिया है। यहां यह बता दें कि कश्मीर में अब गिनती के ही आतंकी बचे हैं। सुरक्षाबल और पुलिस के संयुक्त अभियान से आतंकियों में काफी घबराहट है। यहीं वजह है कि आए दिन आतंकी छुटपुट घटनाओं को अंजाम देकर एक बार फिर से कश्मीर में फैली शांति को भंग करने के नापाक प्रयास में जुटे हैं। सीमा पार पाकिस्तान में बैठे हैंडलर भी कश्मीर में सक्रिय आतंकियों को सुरक्षाबलों व अन्य लोगों को निशाना बनाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं। हालांकि कश्मीर में मुस्तैद सेना, सुरक्षाबल और पुलिस के जवान, आतंकियों की हर नापाक कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं।

### नए संसद भवन में होगा शीतकालीन सत्र ओम बिड़ला ने जल्दी निर्माण की जताई उम्मीद

नई दिल्ली। नवंबर और दिसंबर में होने वाला संसद का शीतकालीन सत्र नए संसद भवन में होगा। इस बात की जानकारी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दक्षिण-पूर्व एशिया दौरे के पांचवे दिन बिड़ला ने सिंगापुर संसद के स्पीकर तान चुआन जिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। फिलहाल, नए संसद भवन के निर्माण का काम जारी है। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, 'निमार्णाधीन नए संसद भवन का जिक्र करते हुए बिड़ला ने कहा कि नया संसद भवन 21वीं सदी के नए भारत की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करेगा। उन्होंने भरोसा जताया कि नए भवन का काम जल्दी पूरा हो जाएगा और अगला शीतकालीन सत्र नए भवन में आयोजित किया जाएगा।' इस मौके पर बिड़ला ने चुआन जिन से कहा कि भारत और सिंगापुर दोनों लोकतांत्रिक शासन में भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक देशों के सांसदों के बीच बातचीत लोकतंत्र को मजबूत करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करती हैं। आगे बताया गया कि बिड़ला ने सिंगापुर में बड़ी संख्या में भारतीयों की मौजूदगी और स्थानीय रूप से टैलेंट और मेहनत पहचाने जाने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने उम्मीद जताई कि सिंगापुर के वर्क पास फ्रेमवर्क में नीति स्तर पर भारतीयों के लिए विपरीत बदलाव नहीं होगा। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि सप्लाई चेन को मजबूत करना आज की दुनिया की नई जरूरत है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत को विश्व की सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बनाना है। बिड़ला ने यह भी कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, कुशल और किफायती मानव शक्ति और गतिशील बाजार व्यवस्था सिंगापुर की कंपनियों की बढ़त और समृद्धि के नए मौके दे सकती है।

## सीएम योगी का सभी मंत्रियों और अफसरों को निर्देश, 3 महीने में सार्वजनिक करें अपनी तथा परिवार की संपत्ति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी दूसरी पारी खेल रहे योगी आदित्यनाथ बेहद जुदा रूप में हैं। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने के क्रम में अपने मंत्रि परिषद के साथ सभी शीर्ष अफसरों को मिशन क्लीन में शामिल किया है। एनेक्सी में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने मंत्रिपरिषद की बैठक में बड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों से तीन महीने में अपनी तथा परिवार की संपत्ति को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं इन सभी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इसमें सभी आइएएस, आइपीएस, पीसीएस तथा पीपीएस अफसरों से भी तीन महीन के अंदर उनकी सभी प्रकार की संपत्ति तथा पारिवारिक स्थिति का ब्यौरा मांगा है। मुख्यमंत्री ने मंत्रि परिषद की बैठक में कहा कि स्वस्थ



लोकतंत्र के लिए जनप्रतिनिधियों के आचरण की शुचिता अति आवश्यक है। इसी भावना के अनुरूप सभी मंत्रीगण शपथ लेने के अगले तीन माह की अवधि के भीतर अपने और अपने परिवार के सदस्यों की समस्त चल-अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करें। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी मंत्रीगणों के लिए निर्धारित आचरण संहिता का पूरी निष्ठा से पालन किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मंत्रीगण यह सुनिश्चित करें कि शासकीय कार्यों में उनके पारिवारिक सदस्यों का कोई हस्तक्षेप नहीं हो। हमें अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री गण के साथ ही सभी लोक सेवक (आइएएस, आइपीएस, पीसीएस व पीपीएस अफसर) भी अपनी व परिवार के सदस्यों की समस्त चल/अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करे। यह विवरण आमजनता के अवलोकनार्थ ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए।

### सुनील जाखड़ होंगे कांग्रेस से सस्पेंड समर्थन में आए कई बड़े नेता बढ़ सकती है कलह

नई दिल्ली। पंजाब कांग्रेस में महीनों से चली आ रही कलह के बीच हाईकमान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के निलंबन का फैसला ले सकता है। उनके पार्टी विरोधी बयानों को लेकर उन्हें नोटिस जारी किया गया था और एक सप्ताह में जवाब मांगा गया था। इस पर उनकी ओर से कोई रिप्लाई न मिलने पर कांग्रेस की अनुशासन समिति ने जाखड़ को दो साल के लिए निलंबित करने की सिफारिश की है। उन पर आरोप है कि हालिया विधानसभा चुनावों में उन्होंने पार्टी के विरोध में बयान दिए थे और इससे कांग्रेस की संभावनाएं कमजोर हुईं। दिल्ली में अनुशासन समिति की बैठक के बाद तारिक अनवर ने कहा कि कमेटी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपनी सिफारिश सौंप दी है। इसमें सुनील जाखड़ के खिलाफ ऐक्शन का सुझाव दिया गया है। इस बीच मीटिंग होने से पहले सुनील जाखड़ ने अपने तेवर दिखाते हुए एक ट्वीट किया था। उन्होंने लिखा था, कलम होंगे उनके, जिनमें अभी जमीर बाकी है।' उन्होंने अपने ट्वीट में इस एक पंक्ति के अलावा कुछ नहीं लिखा था, लेकिन इशारा साफ था कि वह अनुशासन समिति की मीटिंग के बारे में बात कर रहे हैं। अनवर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति ने एकमत से जाखड़ के खिलाफ ऐक्शन की सिफारिश की है। तारिक अनवर ने यह नहीं बताया है कि जाखड़ के खिलाफ क्या ऐक्शन लिया जाएगा, लेकिन माना जा रहा है कि उन्हें दो साल के लिए पार्टी से सस्पेंड करने की सिफारिश की गई है। इस बीच सुनील जाखड़ के भतीजे और अबोहर सीट से कांग्रेस विधायक संदीप जाखड़ की भी प्रतिक्रिया आई है। संदीप ने कहा कि यदि इस तरह का ऐक्शन उनके खिलाफ लिया जाता है तो यह गलत होगा। उन्होंने कहा, 'जाखड़ साहब कांग्रेस के सीनियर नेता हैं और परंपरागत रूप से पार्टी का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने हमेशा पार्टी के लिए काम किया है।'

## नरम पड़ गए टिकैत के तेवर धरना देकर समय खराब ना करें किसान : बीकेयू चीफ

नई दिल्ली। कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल से अधिक समय तक केंद्र और राज्य सरकार के सामने डटे रहे भारतीय किसान यूनियन बीकेयू का रुख अब नरम होता दिख रहा है। बीकेयू अध्यक्ष नरेश टिकैत ने किसानों और अपने कार्यकताओं को सलाह दी है कि छोटी-छोटी बातों पर धरना-प्रदर्शन ना करें और जहां भी जरूरी लगे जिला प्रशासन के साथ बातचीत करके मुद्दों को सुलझाएं। यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी गठबंधन के लिए वोट की अपील कर चुके नरेश टिकैत ने यह भी कहा कि लोग भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रति झुकाव रखते हैं और वह जिसे चाहें वोट दे सकते हैं। नरेश टिकैत ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा, "किसान यूनियन और अपने पदाधिकारियों से हम कहते हैं कि बिना किसी वजह धरना-प्रदर्शन मत करो, समय खराब मत करो, कुछ भी बात नहीं है। मिल बैठकर जिला प्रशासन से जो बात हो करो, नाकी कहीं भी छोटी-छोटी बातों पर प्रदर्शन, रोड जाम करना। हम भी ध्यान देंगे। एक अनुशासन की बात हमें महसूस हुई। किसान यूनियन पर जो आरोप लगे कि इनमें अनुशासन की कमी है। हम भी देखेंगे। अनुशासन के बिना कुछ नहीं हो सकते। जो कुछ भी बात होगी। बातचीत के जरिए हल होगा, कहीं भी टकराव की स्थिति ना हो। बहुत बड़ा संगठन है। हम भी चाहते हैं कि



जनता को कहीं मोहरा बनाकर इस्तेमाल करें। अपनी मांगों को लेकर अब किसान यूनियन आंदोलन नहीं करेगी यह पूछे जाने पर नरेश टिकैत ने कहा, "जो छोटी बात है, उस पर बड़ा आंदोलन करना। किसानों की ताकत खर्च करना, समय बर्बाद करना। हम इस पर ध्यान देंगे कि बातचीत के जरिए जो समाधान हो। किसानों की छोटी ही तो बात है, कोई बड़ी बात थोड़ी है। सरकार जो मान ले बात तो कोई मुश्किल नहीं, बिजली-विजली की है, फसलों की है कहीं।" एक साल आंदोलन के बाद सरकार ने बात मानी? यह पूछने पर नरेश टिकैत ने कहा, "चलो वह तो केंद्र की बात थी पूरे देश का आंदोलन था।" नरेश टिकैत ने किसान आंदोलन के बाजवूद 4 राज्यों में बीजेपी सरकार बनने पर कहा, "लोग बीजेपी की तरफ झुकाव रखते हैं, तो हम क्या कर सकते हैं। यह उनकी उच्छा है कि किसे अपना वोट देना चाहते हैं, दे सकते हैं। इस पर हम ना तो खुश हैं ना दुखी। यह आजाद देश है।" गौरतलब है कि नरेश टिकेत ने विधानसभा चुनाव के दौरान सपा गठबंधन के दो उम्मीदवारों को सिंबल देते हुए उनके लिए वोट की अपील कर दी थी। उनके भाई और किसान आंदोलन का चेहरा रहे राकेश टिकैत भी सपा गठबंधन को जितवाने की मौन अपील करते रहे। उन्होंने खुलकर बीजेपी का विरोध किया था।

### पंजाब में भी लागू होगा दिल्ली जैसा एजुकेशन मॉडल सीएम भगवंत मान ने किया ऐलान

नई दिल्ली। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने ऐलान किया है कि वो पंजाब में भी दिल्ली जैसा एजुकेशन मॉडल शुरू करेंगे। दिल्ली के एजुकेशन मॉडल को समझने पंजाब के कुछ अफसरों के साथ दिल्ली आए सीएम भगवंत मान ने चिराग एन्कलेव स्थित सरकारी स्कूल का दौरा किया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया भी उनके साथ रहे। इस दौरान सीएम भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली के एजुकेशन मॉडल की पूरी दुनिया में चर्चा है और अब ऐसा ही एजुकेशन मॉडल वो पंजाब में भी डेवलप करेंगे। उन्होंने कहा कि एक दूसरे से सीखकर ही देश आगे तरक्की कर सकता है। सीएम भगवंत मान ने कहा- दिल्ली सरकार की तरह ही पंजाब में भी टीचरों और प्रिंसिपल को ट्रेनिंग दी जाएगी। हम दिल्ली से सुझाव लेगें कि अपने राज्य के स्कूलों को किस तरीके से विकसित किया जाए। हम अपने स्कूलों में ऐसा माहौल बनाएंगे जिससे गरीब और अमीर दोनों बच्चे एक साथ एक ही स्कूल में एक ही बेंच पर बैठकर पढ़ाई कर सकें। दिल्ली के स्कूलों की तारीफ करते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा- वर्ल्ड क्लॉस इंन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ इतने शानदार स्कूलों को देखना गजब का अनुभव है। उच्च योग्यता वाले टीचर पढ़ाई के नए नए तरीकों से बच्चों के करियर को नई दिशा दे रहे हैं। क्लॉस रूम में पेपरलेस पढ़ाई देखकर मैं बहुत इंप्रेस हुआ हूं। बच्चे लैपटॉप पर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में भी इसी तरह एडवांस स्किल के साथ बच्चों की पढ़ाई कराई जाएगी। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने भी कहा कि हमें मिलकर देश की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की कोशिश करनी चाहिए। सीएम केजरीवाल ने कहा- पंजाब के अस्पताल और स्कूल दिल्ली जैसे बढ़िया क्यों नहीं हो सकते? उन्होंने ये भी कहा कि पंजाब को बदलने के लिए वो कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## चिंतन मनन

# लाउडस्पीकर विवाद

महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा और लाउडस्पीकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है। सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच लगातार जुबानी जंग जारी है। मामले को अधिक तूल पकड़ता देख महाराष्ट्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, मगर भाजपा और मनसे ने इससे दूरी बनाए रखी। इस बैठक से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी दूरी बना ली। अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा की गिरफ्तारी मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर बड़ा हमला बोला है। फडणवीस ने राणा दंपती की गिरफ्तारी को गलत ठहराया है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया। वहीं भाजपा नेता किरीट सोमैया पर हमले का मामला अब दिल्ली पहुंच चुका है। इस मामले में अब भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली जाकर गृह सचिव से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा है साथ ही किरीट सोमैया मामले को भी उठाया। महाराष्ट्र में अचानक से बदले राजनीतिक घटनाक्रम को देखें तो यह बड़े बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। उद्धव सरकार जाएगी या बचेगी, सवाल यह नहीं है। भाजपा जिस तरह से एक के बाद एक घटनाक्रम को अंजाम दे रही है, उसके सियासी मायने बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज ठाकरे की लाउडस्पीकर हटाने की मांग, नवनीत राणा की मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान, करीट सोमैया पर हमला यह सब अचानक नहीं है। महाराष्ट्र में राजनीतिक हवाएं बड़ी तेजी से बदल रही हैं। इन हवाओं की चपेट में सत्ताधारी दल शिवसेना तो है ही, साथ में महाविकास अघाड़ी को अस्थिर करने का भी पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है। महाराष्ट्र में आक्रामक रवैये वाली शिवसेना को अपने अहम मुद्दों पर कमजोर पड़ती धार से उसका न सिर्फ नुकसान हो रहा है, बल्कि वह अपने धुर विरोधी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे को आगे बढ़ने का मौका भी दे रहे हैं। फिलहाल महाराष्ट्र में बनते बिगड़ते तमाम हालातों को लेकर भाजपा के नेता जिस तरीके से केंद्रीय गृह सचिव से मिले हैं, उससे अगले कुछ दिनों में महाराष्ट्र की राजनीति में कई तरह के तूफान आने की आशंका बनी हुई है। शिवसेना जब से अपने नए गठबंधन के साथ सरकार में आई है, तब से उसके कड़क हिंदुत्व वाले मिजाज में न सिर्फ कमी आई है, बल्कि गठबंधन की मजबूरी से सरकार चलाने की स्थितियां स्पष्ट देखी जा रही हैं। जिस तरीके से कड़क हिंदुत्व के मुद्दे पर शिवसेना आगे आती थी, वही अब उस पर बैकफुट पर है। इसी कमी को पूरा करने के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के राज ठाकरे बढ़-चढ़कर आगे आए हैं। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना सड़कों पर हनुमान चालीसा के पाठ के बाद से हिंदुत्व की धुरी बनने की पूरी योजना बना रही है। शिवसेना की गठबंधन में होने की मजबूरी के चलते राज ठाकरे को इससे फायदा भी मिल सकता है। हालांकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के उग्र हिंदुत्व की धुरी से राज ठाकरे को चुनाव में कितना फायदा होगा, इसके बारे में अभी कहना बहुत जल्दी होगा। लेकिन उनका कहना है कि शिवसेना आरोप लगा रही है कि राज ठाकरे के माध्यम से भाजपा अपने हित साधने की कोशिश कर रही है। इस पूरे मामले में एक तरीके से महाराष्ट्र में हाशिए पर पड़ी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। जिस मुद्दे पर शिवसेना कभी राज्य में सबसे आगे हुआ करती थी, अब उसी पर एक बार फिर से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना आगे बढ़ने की तैयारी कर रही है। कभी हिंदुत्व और यूपी-बिहार के लोगों का मुद्दा बनाकर सड़कों पर उतरने वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना विधानसभा में 13 विधायकों के साथ बड़ा प्रतिनिधित्व करती थी, लेकिन अब ये मुद्दे उतने प्रभावी नहीं रहे, तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना एक विधायक के साथ विधानसभा में सिमट कर रह गई। महाराष्ट्र के राजनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि राज ठाकरे को इस बात का बखूबी अंदाजा हो गया कि कड़क हिंदुत्व के मामले में शिवसेना पीछे हट रही है। बस इसी मुद्दे को राज ठाकरे ने पकड़ लिया।

## अपर निदेशक स्वास्थ्य के औचक निरीक्षण के दौरान महिला अस्पताल में मिली खामियां



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित अस्पतालों में सब ठीक चल रहा है या नहीं इसके लिए समय-समय पर आला अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया जाता रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को अपर निदेशक वाराणसी मंडल वाराणसी के एस.के. उपाध्याय ने जिला पुरुष अस्पताल गोरा बाजार और जिला महिला अस्पताल मिश्र बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें कई तरह की कमियां मिली, जिन्हें उन्होंने तत्काल उन कमियों को दुरुस्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। एसीएमओ डॉ. के.के. वर्मा ने बताया कि अपर निदेशक डॉ. एस.के. उपाध्याय सबसे पहले जिला महिला अस्पताल पहुंचे जहां पर सफाई की व्यवस्था से नाराज दिखे। जिसके लिए उन्होंने सफाई हेतु सख्त निर्देश दिया। इस दौरान वहां पर आने वाले मरीजों के पानी पीने की कोई व्यवस्था नहीं थी, जिसकी आपूर्ति कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा मरीजों के लिए कूलर और आरो लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएनसीयू वार्ड व अन्य वार्ड में एसी नहीं चल रहे थे, जिसे तत्काल रिपेयर करा कर चालू कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वह जिला पुरुष अस्पताल गोरा बाजार पहुंचे जहां पर उन्हें निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक-ठाक मिला। उन्होंने जिला पुरुष अस्पताल की व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरगोविंद सिंह, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. तारकेश्वर, डॉ. सर्वजीत, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज आनंद मिश्रा, सीएमएस पुरुष अस्पताल डॉ. राजेश सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## राशन दुकान संचालक के चयन में महिलाओं ने काटा भारी बवाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। एडीओ पंचायत सैदपुर राकेश दीक्षित के नेतृत्व में आज दिन मंगलवार को खानपुर राशन दुकान के संचालक हेतु एक महिला सहायता समूह का चयन करने पहुची थी। इस दौरान खानपुर गांव के राशन दुकान संचालक के चयन में महिलाओं ने भारी बवाल काटा। सात महिला सहायता समूहों में अंतिम चार समूहों के निरस्त करते ही सभी सहायता समूह की महिलाओं ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मामला शान्त कराया। राशन दुकान का संचालन के लिए कुल सात महिला समूहों ने आवेदन किया, जिनमें चार समूह अयोग्य घोषित किये गए और अंतिम टीम समूहों से किसी एक समूह को कोटा संचालन की जम्मेदारी देनी थी। चयन स्थल पर भारी संख्या में जुटे ग्रामीण और महिलाओं ने उस समय हंगामा मचाना शुरू किया जब राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रभारी एजाज अहमद ने इन महिला सहायता समूहों के सालों से बिना किसी गतिविधि के बंद पड़े महिला समूहों को अलग करना शुरू किया।

# सत्य के साथ सामाजिक दायित्व का निर्वाह भी करती है पत्रकारिता

एक जमाने में कहा जाता था कि भारतीय समाज में 3 सी सबसे ज्यादा प्रचलित हैं। सिनेमा, क्रिकेट और क्राइम। लेकिन आज के सार्वजनिक संवाद को देखें तो इन तीनों से ज्यादा लोकप्रिय अगर कोई चीज है तो वह है पत्रकारिता। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल अपने इन तीनों स्वरूपों में पत्रकारिता 24 घंटे सूचनाओं की बाढ़ समाज तक पहुंचाती है और लोगों की राय बनाने में खासी मदद करती है।

जैसे-जैसे समाज जटिल होता जाता है, वैसे वैसे लोगों के बीच सीधा संवाद कम होता जाता है और वे सार्वजनिक या उपयोगी सूचनाओं के लिए मीडिया पर निर्भर होते जाते हैं। उनके पास जो सूचनाएं ज्यादा संख्या में पहुंचती हैं, लोगों को लगता है कि वही घटनाएं देश और समाज में बड़ी संख्या में हो रही हैं। जो सूचनाएं मीडिया से छूट जाती हैं उन पर समाज का ध्यान भी कम जाता है। आजकल महत्व इस बात का नहीं है कि घटना कितनी महत्वपूर्ण है, महत्व इस बात का हो गया है कि उस घटना को मीडिया ने महत्वपूर्ण समझा या नहीं।

जब मीडिया पर इतना ज्यादा एतबार है तो मीडिया की जिम्मेदारी भी पहले से कहीं अधिक है। आप सब को अलग से यह बताने की जरूरत नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के अलावा मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। मजे की बात यह है कि बाकी तीनों स्तंभ की चर्चा हमारे संविधान में अलग से की गई है और उनके लिए लंबे चौड़े प्रोटोकॉल तय हैं। लेकिन मीडिया को अलग से कोई अधिकार नहीं दिए गए हैं। संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी का जो अधिकार प्रत्येक नागरिक को हासिल है, उतना ही अधिकार पत्रकार को भी हासिल है। बाकी तीन स्तंभ जहां संविधान और कानून से शक्ति प्राप्त करते हैं, वही मीडिया की शक्ति का स्त्रोत सत्य, मानवता और सामाजिक स्वीकार्यता है। अगर मीडिया के पास नैतिक बल ना हो तो उसकी बात का कोई मोल नहीं है। इसी नैतिक बल से हीन मीडिया के लिए येलो जर्नलिज्म या पीत



पत्रकारिता शब्द रखा गया है। और जो पत्रकारिता नैतिक बल पर खड़ी है, वह तमाम विरोध सहकर भी सत्य को उजागर करती है। संयोग से हमारे पास नैतिक बल वाले पत्रकारों की कोई कमी नहीं है।

मीडिया को लेकर आजकल बहुत तरह की बातें कही जाती हैं। इनमें से सारी बातें अच्छी हो जरूरी नहीं है। पत्रकारिता बहुत से मोर्चों पर दृढ़ता से खड़ी है, तो कई मोर्चों पर चूक भी जाती है। आप सबको पता ही है की बर्नार्ड शॉ जैसे महान लेखक मूल रूप से पत्रकार ही थे। और बर्ट्रेंड रसैल जैसे महान दार्शनिक ने कहा है कि जब बात निष्पक्षता की आती है तो असल में सार्वजनिक जीवन में उसका मतलब होता है कमजोर की तरफ थोड़ा सा झुके रहना। यानी कमजोर के साथ खड़ा होना पत्रकारिता की निष्पक्षता का एक पैमाना ही है।

पत्रकारिता की चुनौतियों को लेकर हम आज जो बातें सोचते हैं, उन पर कम से कम दो शताब्दियों से विचार हो रहा है। भारत में तो हिंदी के पहला अखबार उदंत मार्तंड के उदय को भी एक सदी बीत चुकी है। टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदू जैसे अखबार एक सदी की उम्र पार कर चुके हैं।

दुनिया के जाने माने लेखक जॉर्ज ऑरवेल ने आधी सदी पहले एक किताब लिखी थी एनिमल फार्म। किताब तो सोवियत संघ में उस जमाने में स्टालिन की तानाशाही के बारे में थी लेकिन उसकी भूमिका में उन्होंने पत्रकारिता की चुनौतियां और उस पर पड़ने वाले दबाव का विस्तार से जिक्र किया है।

जॉर्ज ऑरवेल ने लिखा की पत्रकारिता के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि कोई तानाशाह उसे बंदूक की नोक पर दबा लेगा या फिर कोई धन्ना सेठ पैसे के बल पर पत्रकारिता को खरीद लेगा लेकिन इनसे बढ़कर जो चुनौती है वह है भेड़ चाल। यानी एक अखबार या एक मीडिया चैनल जो बात दिखा रहा है सभी उसी को दिखा रहे हैं। अगर किसी सरकार ने एक विषय को जानबूझकर मीडिया के सामने उछाल दिया और सारे मीडिया संस्थान उसी को कवर करते चले जा रहे हैं, यह सोचे बिना कि वास्तव में उसका सामाजिक उपयोग कितना है या कितना नहीं। बड़े संकोच के साथ कहना पड़ता है कि कई बार भारतीय मीडिया भी इस नागपाश में फंस जाता है। सारे अखबारों की हैडलाइन और सारे टीवी चैनल पर एक से प्राइमटाइम दिखाई देने लगते हैं।

भारत विविधता का देश है, अलग-अलग आयु वर्ग के लोग यहां रहते हैं। उनकी महत्वाकांक्षा अलग है और उनके भविष्य के सपने भी जुदा हैं। ऐसे में पत्रकार की जिम्मेदारी है कि हमारी इन महत्वाकांक्षाओं को उचित स्थान अपनी पत्रकारिता में दें। वे संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करें। कमजोर का पक्ष ले। देश की आबादी का 85% हिस्सा मजदूर और किसान से मिलकर बनता है। ऐसे में इस 85% आबादी को भी पत्रकारिता में पूरा स्थान मिले।

मैंने तो बचपन से यही सुना है कि पुरस्कार मिलने से पत्रकारों का सम्मान नहीं होता, उनके लिए तो लीगल नोटिस और सत्ता की ओर से मिलने वाली धमकियां असली सम्मान होती हैं। राजनीतिक दल तो लोकतंत्र का अस्थाई विपक्ष होते हैं, क्योंकि चुनाव के बाद जीत हासिल करके विपक्षी दल सत्ताधारी दल बन जाता है और जो कल तक कुर्सी पर बैठा था, वह आज विपक्ष में होता है। लेकिन पत्रकारिता तो स्थाई विपक्ष होती है। जो सत्ता की नाकामियों और उसके काम में छूट गई गलतियों को सार्वजनिक करती है ताकि भूल को सुधारा जा सके और संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों के मुताबिक राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

मध्यप्रदेश इस मामले में हमेशा से ही बहुत आगे रहा है प्रभाष जोशी और राजेंद्र माथुर जैसे प्रसिद्ध संपादक मध्य प्रदेश की पवित्र भूमि की ही देन हैं। आज भी राष्ट्रीय पत्रकारिता के क्षेत्र पर मध्य प्रदेश के पत्रकार अपनी निष्पक्षता की छाप छोड़ रहे हैं। आशा करता हूं 21वीं सदी के तीसरे दशक में भारतीय पत्रकारिता उन बुनियादी मूल्यों का और दृढ़ता से पालन करेगी जिन्हें हम शास्वत मानवीय मूल्य कहते हैं।

# इस्लाम : हाफिज खुदा तुम्हारा

एक बार फिर रमजान जैसे पवित्र एवं इबादत के महीने में अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर और कुंदुज शहर में मस्जिद के पास हुये बम धमाकों में 15 लोगों की मौत और 65 से अधिक गंभीर रूप से ज़ख़्मी हुये हैं। खबर है कि इन हमलों की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली है। और हमलों के मास्टर माइंड आईएसआईएस का प्रमुख ऑपरेटिव अब्दुल हमीद संगयार नमक व्यक्ति को गिरफ़्तार भी किया गया है। इस घटना ने एक बार फिर पूरे विश्व का ध्यान अफगानिस्तान की ओर आकर्षित किया है। इस घटना के मात्र दो दिन पूर्व ही काबुल के पास अब्दुल रहीम शाहिद हाई स्कूल में तीन धमाके हुए थे। इसमें छह लोगों की मौत की खबर आई थी और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुये थे।इसके पहले भी गत वर्ष 8 मई को राजधानी काबुल में एक स्कूल के पास एक बड़ा बम ब्लास्ट किया गया था। इस घटना में 50 से अधिक लोगों की मौत हुई थी जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। उसके बाद 14 नवंबर 2021 को काबुल के ही एक शिया बाहुल्य क्षेत्र में बम ब्लास्ट हुआ जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुये। इस घटना के अगले ही दिन 15 नवंबर 2021 को कंधार प्रांत की एक मस्जिद में धमाका हुआ था जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 40 लोग घायल हो गए थे। अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के गत वर्ष पुनः जबरन कब्जा करते ही काबुल के एयरपोर्ट के पास तीन धमाके हुए थे। इन धमाकों में भी 100 से अधिक लोगों की मौत हुई थी जबकि 120 से अधिक लोग घायल हुए थे।

माह-ए-रमजान में भूखे प्यासे रोजदार बेगुनाह नमाजियों की हत्यायें,रोजदार नमाजियों को कभी बमों के विस्फोट से मारना तो कभी आत्मघाती हमलावर द्वारा स्वयं को ही ब्लास्ट कर निहत्थे लोगों की जान लेना,कभी स्कूल्स की बिल्डिंग उड़ा देना तो कभी स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चों की सामूहिक हत्यायें कर देना,कभी मुहर्रम के जुलूस में शामिल सोगवारों को आत्मघाती हमले का शिकार बनाना,कभी दरगाहों व इमामबाड़ों पर हमले,कभी गुरुद्वारों पर हमले तो कभी अन्य धर्मों के आराध्य बुतों को ध्वस्त करना,आम लोगों की भीड़ के बीच कभी किसी मर्द को तो कभी किसी औरत को कोड़ों से मारना,कभी गोली से उड़ा देना गोया जुल्म और दहशत की इबारतें लिखने में माहिर तालिबान हों या इस्लामिक स्टेट के आतंकी अथवा अलकायदा या इसी विचारधारा के अन्य कई आतंकी संगठन, ये अपनी इन्हीं अमानवीय व दहशतगर्द कारगुजारियों को इस्लामी कारगुजारी बताते हैं । कौन मुसलमान है और कौन नहीं दुर्भाग्यवश, इसका 'प्रमाण पत्र' भी प्रायः यही संगठन बांटते रहते हैं।

मुसलमान इस्लाम को चाहे जितना शांति सद्भाव तथा समानता वाला धर्म क्यों न बतायें परन्तु अपने उद्भव काल से ही यानी इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व अंतिम पैगंबर हजरत मुहम्मद के जीवन काल में ही इस्लाम उदार व



कट्टरवाद की दो अलग अलग धाराओं में बंट गया था। मस्जिदों में नमाजियों को कत्ल करने की प्रवृति भी कोई नई नहीं है। यह तालिबान,इस्लामिक स्टेट अथवा अलकायदा द्वारा शुरू किया गया सिलसिला नहीं है। बल्कि इसकी शुरूआत 19 रमजान 40 हिजरी तदानुसार 26 जनवरी 661 ईस्वी को उसी समय हो गयी थी जबकि पैगंबर हजरत मुहम्मद के चचेरे भाई और दामाद अर्थात हजरत मुहम्मद की इकलौती बेटी हजरत फातिमा के पति हजरत अली को इराक के कूफा शहर की मशहूर 'मस्जिद-ए-कूफा ' में नमाज अदा करते वक़्त उस समय शहीद किया गया था जबकि वे नमाज में सजदे की हालत में थे। उनका हत्यारा इब्न-ए-मुल्जिम था। सोचने का विषय है कि जिन हत्यारों ने अफगानिस्तान में शियों की सामूहिक हत्या करने के लिये उसी दिन ( 19 रमजान ) का चुनाव किया हो उनका आदर्श व प्रेरक हजरत अली का हत्यारा इब्न-ए-मुल्जिम नहीं तो और कौन हो सकता है ?

इसी तरह मुहर्रम के जुलूस और इमाम बारगाहों पर इनके हमले उन शिया मुसलमानों पर होते हैं जो हजरत मुहम्मद के नाती और अली व फातिमा के बेटे हजरत इमाम हुसैन व उनके उन 72 परिजनों व साथियों की शहादत का गम मनाते हैं जिन्हें करबला (इराक) में स्वयं को मुसलमान बताने वाले उस समय के सीरियाई शासक यजीद की सेना द्वारा तीन दिनों तक भूखा प्यासा रखने के बाद शहीद कर दिया गया था। इनक्रूर 'इस्लामी ठेकेदारों ' को हजरत हुसैन की शहादत और उनकी मजलूमियत को याद करना और यजीद के जुल्म की दास्तां सुनाना अच्छा नहीं लगता। यदि यह यजीद के पैरोकार नहीं हैं फिर क्या वजह है कि अफगानिस्तान,पाकिस्तान व अन्य कई देशों में इस्लामिक स्टेट,तालिबानी सहित अन्य कई चरमपंथी संगठन प्रायः शिया व हजारा शिया समुदाय के लोगों को निशाना बनाते रहते हैं?

इतिहास गवाह है कि पैगंबर हजरत मुहम्मद के देहान्त के फौरन बाद ही इस्लाम पर वर्चस्व की लड़ाई और धर्म व सत्ता के गठजोड़ की जो खतरनाक सियासत शुरू हुई थी उसी का शिकार स्वयं इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद का पूरा परिवार हुआ। हजरत अली की कूफे की मस्जिद में हत्या, हजरत मुहम्मद की बेटी व हजरत अली की पत्नी फातिमा पर जानलेवा हमला,उनके अधिकारों व संपत्ति पर कब्जा,अली के बड़े बेटे इमाम हसन को जहर देकर शहीद कर देना,फिर क्रूरता की इंतेहा करने वाली वह दास्तान-ए-करबला जिसमें अस्सी साल के बुजुर्ग से लेकर छः महीने के बच्चे तक को इन्हीं 'मुसलमानों ' द्वारा शहीद किया गया। इसी तरह हजरत मुहम्मद के घराने के और भी अनेक इमाम व उनके कई रिश्तेदार कत्ल किये गये। इन सभी के कातिल कोई हिन्दू,यहूदी,पारसी या ईसाई नहीं बल्कि अल्लाह के नाम का कलमा पढ़ने वाले और हजरत मुहम्मद को खुदा का रसूल स्वीकार करने वाले लंबी लंबी दाढ़ियां रखने वाले मुसलमान ही थे।

अली,फातिमा और करबाला में हुसैन और उनके परिवार के लोगों पर ढहाये गये जुल्म व बर्बरता की यदि विस्तृत दास्तान पढ़िये तो रूह काँप उठती है। आज उन हत्यारों के पैरोकार उसी काले इतिहास को दोहराकर जहाँ हजरत मुहम्मद के घराने के लोगों से अपनी रंजिश साबित कर रहे हैं वहीं हत्यारों व इस्लाम को कलंकित करने वालों से अपने रिश्तों पर भी मुहर लगा रहे हैं। अन्यथा रमजान में इबादत गुजारों, भूखे प्यासों की हत्यायें, निहत्थे लोगों का कत्ल यह आखिर किस इस्लाम की शिक्षा है? इस्लामी इतिहास में इस तरह के काम तो यजीद और इब्ने मुल्जिम जैसे लोगों या उनके पैरोकारों ने ही किये हैं। और उन घटनाओं का कलंक आज तक इस्लाम का इतिहास ढोता आ रहा है। जिन क्रूर ताकतों के हाथों इस्लाम का अपहरण किया जा चुका है उसे देखकर तो यही कहा जा सकता है कि - ऐ इस्लामःहाफिज खुदा तुम्हारा।

# मुफ्त योजनाएं आर्थिक तबाही ला सकती हैं राज्यों में

हमारे देश में वोटों की राजनीती और तुष्टिकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकारें नित्य नयी नयी योजनाओं की घोषणा कर मध्यम वर्ग पर अनावश्यक करों (टेक्स )का बढ़ा रही हैं। उन योजनाओं की भरपाई जनता से या द्वारा कराया जा रहा हैं। यह कितना उचित हैं ,जिस टेक्स के पैसों से अधोसंरचना पर खरच होना चाहिए उसे वोटों के खातिर खर्च किया जा रहा हैं उससे देश में निठ्ठलापन,कामचोरी ,हरामखोरी को मनोवृत्ति बढ़ रही हैं और बढ़ चुकी हैं। ये बातें अनेकों अर्थशस्त्रियों ,विशेषज्ञों के द्वारा जताई और बताई जा रही हैं और अंध ,मूक ,बधिर सरकारें अप्रभावित हैं ,इससे देश का भविष्य अंधकारमय और पतन की ओर जा रहा हैं और जायेगा।

कूबत कम गुस्सा ज्यादा लक्षण हैं पिट जाने का,
आमद कम खरचा ज्यादा लक्षण हैं पिट जाने का

इसी बात को कहा गया हैं की "मुफ्त योजनाएं आर्थिक तबाही ला सकती हैं राज्यों में "इसका जीता जागता उदहारण श्री लंका हैं। चार्वाक का सिद्धांत की कर्ज लेकर घी पियों। पर नीति- शास्त्रों में लिखा हैं जो राज्य ,परिवार कर्ज पर आधारित होकर अपना जीवन यापन करता या कराता हैं वह निश्चित दुःख का पात्र हैं। पर दिन रात चिंता से ग्रस्त रहता हैं और जनता सुखी नहीं होती और न परिवार।

बात रामराज्य के समय की हैं। जब राम ,लक्षमण ,सीता जी वनवास में घूम रहे थे। पंचवटी में सीता जी को पर्णकुटीर बनवाने का मन हुआ। उन्होंने श्री राम के समक्ष इच्छा जाहिर की। रामजी ने लक्ष्मण से सीता की बात बताई। लक्ष्मण ने बात सुनकर पास के गाँव में जाकर ग्राम वासियों से कहा मैं लक्षमण राजा दसरथ का पुत्र ,रामजी का छोटा



भाई और जगतनंदनी सीता का देवर हूँ। सीता जी ने यहाँ पर पर्णकुटीर बनवाने की इच्छा जाहिर की हैं ,आपके सहयोग की अपेक्षा हैं। दूसरे दिन तीनो लोग गांववासियों का इंतजार कर रहे थे। दोपहर तक कोई नहीं आया तो रामजी ने लक्षमण से कहा देखों गांववासी क्यों नहीं आये काम के लिए ? लक्षमण क्रोध में दोपहर में गाँव गए ,वहां देखा कोई भोजन कर रहा हैं ,कोई बच्चा खिला रहा हैं ,कोई बीड़ी पी रहा और कोई आराम कर रहा। लक्षण ने गांववासियों से पूछा आप लोग काम पर क्यों नहीं आये तब वे बोले रामजी की कृपा से अभी हमारे पास सब सुख सुविधाएँ हैं ,कोई चीज की कमी नहीं हैं। तब लक्षमण ने रामजी से कहा आपकी कृपा से सब सुखी हैं इसलिए कोई काम पर नहीं आये। इसके लिए आधे लोगों को भूखे रखे तब वे काम पर आएंगे। मुफ्त राशन बांटने ,कर्ज माफी करने की अपेक्षा उनको आत्म निर्भर बनाये और उनको श्रम का महत्व बताएं। आज ८० करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटना जिस कारण वे मुफ्त खोर होकर पराश्रित हो रहे हैं सिर्फ वोट बैंक के कारण। वे ही लोग जब सहायता नहीं मिलेंगी विरोध करेंगे ,राजद्रोह करेंगे ,सत्ता से च्युत कर देंगे। हम मध्यम वर्ग को कितना कुचलेंगे ,मंहगाई सरकारों को डंस लेगी। ये दीमक तरह सरकारों को खोखला कर देंगी। सत्ताशीन ह्रदयहीन और निरकुंश होकर शोषण कर रहे हैं वह भी कब तक? आप गरीब को अमीर नहीं बना सकते और इस प्रक्रिया से भविष्य में वे पराधीन होकर नाकारा हो जायेंगे। राम राज्य की कल्पना करना बेमानी हैं। हां सब सुखी रहें ,चरित्रवान बने ,देश हिट में कार्य कर सहयोग और भागीदारी निभाएं ना की बोझ बने। हम इस प्रकार से देश में मुफ्तखोरी का नशा देकर आलसी बनाकर नपुंसक और लाचार निवासी बनाने जा रहें हैं ,हराम का खाने का व्यसन कर कर्महीन संस्कारों से फलीभूत कर रहें हैं। जिनको दूध पिलाओगे वे ही विषवमन करते हैं।

सम्बल जरूर दो पर स्वाभिमानी रहने दो
कम बल वाले बनाकर नपुंसक न बनाओ
निर्धन के पास धन न हो पर आत्मबल रहने दो
कब तक उन्हें परजीवी बनाकर रहने दोगें।
सर्प को दूध पिलाओं विषवमन करेंगे
जिनका आत्म चरित्र नहीं होगा वे विश्वासघात करेंगे।



बरखा, शीत और वसंत हर ऋतु हमें सुहानी लगती है। लेकिन जब ग्रीष्म ऋतु आती है तो तपन भरा मौसम मन को बिल्कुल नहीं भाता। जबकि यह ऋतु भी अपने आप में खास है। बशर्ते इस ऋतु को गहनता से समझा जाए। इसकी महत्ता समझने के बाद यह ऋतु भी हमारे लिए सुहानी हो जाएगी। हमारे जीवन में कई सकारात्मक परिवर्तन लाएगी, खुशहाली बिखेरेगी।

# ग्रीष्म ऋतु भी है सुहानी

लाइफस्टाइल



अ सहनीय हो चली है सूरज की तपन। दोपहर की चिलचिलाती धूप से तन तप उठता है, मन से उमंग-तरंग गायब है। बार-बार कंठ सूख रहे हैं। जब शीतल जल और ठंडी छांव मिलती है, तब जाकर कुछ सुकून मिलता है। उधर इस भीषण तपन भरे मौसम में पशु-पक्षियों को भी चैन नहीं है, वे भी पेड़ों की छांव की तलाश में रहते हैं। ताल-तलैया के नजदीक ही दिखते हैं। इस ऋतु के ऐसे प्रकोप के कारण ही अधिकतर लोग इसे पसंद नहीं करते हैं। इसके बजाय शीत, वर्षा, वसंत ऋतु को ही पसंद करते हैं। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है कि ग्रीष्म ऋतु केवल तपन का नाम है। यह ऋतु भी अपने आप में बहुत विशेष है। बस आपको अपना नजरिया बदलना होगा, इस ऋतु की विशेषताओं को समझना होगा। ऐसा होने पर ग्रीष्म ऋतु भी आपको सुहानी, मनभावन लगेगी।

## मन हो जाता संवेदनशील

इन दिनों गर्म मौसम में बाहर निकलते ही तन तपने लगता है, पसीने से हम तर-ब-तर हो जाते हैं। ऐसे में हम खुद को गर्मी से बचाने का हर संभव प्रयास करते हैं। ठंडे पेय पदार्थ पीते हैं, कूलर-एसी की ठंड में बैठते हैं। ग्रीष्म की इस तपन से हम खुद को ही नहीं, दूसरों को भी बचाने की कोशिशें करते हैं, क्योंकि तपती धूप में तन और मन कितना विचलित हो जाता है, यह हम अच्छे से समझते हैं। तभी तो ग्रीष्म ऋतु में जगह-जगह प्याऊ लगे होते हैं। चिड़ियों के लिए भी मिट्टी के बर्तन में पानी रखा जाता है। बाहर से घर आने वाले हर व्यक्ति को सबसे पहले पानी ही पूछा जाता है। इस तरह कहा जा सकता है कि ग्रीष्म की तपन, हमारे मन को दूसरों के प्रति संवेदनशील बनाती है। इसी भाव के कारण हम अपने भीतर एक सुकून और खुशी महसूस करते हैं।

## मिलता है खुशहाली का संदेश

वसंत, शीत, बरखा के मौसम में हम आनंदित होने के लिए कई बातें आसानी से तलाश लेते हैं। वसंत के रंग-बिरंगे फूल, बरखा की रिमझिम फुहार, चारों तरफ फैली हरियाली



और शीत के कुहासे को देखकर, मन को एक अनोखी अनुभूति मिलती है। मतलब कि हर ऋतु के साथ कोई ना कोई खास बात जुड़ी होती हैं, जो हमारे मन को एक अलग अहसास देती है। लेकिन ग्रीष्म में ऐसा क्या है कि इस मौसम को खास समझा जाए? तो जवाब है कि बाकी ऋतुओं की तरह ग्रीष्म ऋतु भी अपने संग हमारे लिए खुशियों की सौगात लेकर आती है। अगर यह मौसम ना हो तो फसल ना पके। आम, लीची, खरबूज, तरबूज जैसे कई मीठे फलों का स्वाद ना मिले। साथ ही हम यह भी जान लें कि इसी मौसम के गर्म तापमान के कारण ही आगे अच्छी वर्षा होती है, जो मनुष्यों से लेकर पशु-पक्षियों की प्यास बुझाती है, धरा को हरा-भरा करती है, मनोहारी बनाती है। ये सब बातें खुशहाली का प्रतीक हैं, जो ग्रीष्म के कारण ही संभव हैं। इसलिए हमें बाकी ऋतुओं की तरह ग्रीष्म का भी महत्व स्वीकारना चाहिए।

## अपनी जड़ों से जोड़ती है

ग्रीष्म ऋतु हमारे मन-जीवन में सिर्फ सकारात्मक बदलाव ही नहीं लाती, यह रिश्तों में जुड़ाव बढ़ाने का सुनहरा अवसर भी देती है। अपनी जड़ों से जुड़े रहने का जरिया बनती है। यही वे दिन हैं, जब हमें अपने गांव-कस्बों में जाने का मौका मिलता है। कई भूली-बिसरी बातें-यादें ताजा होती हैं। हम फिर पहुंचते हैं अपने घर-आंगन, खेत-खलिहान। उन पोखर, तालाब के किनारे जाते हैं, जहां बचपन-किशोरावस्था में सहेलियों के संग बैठा करते थे, हंसी-ठिठोली किया करते थे। गिट्टे और पहला-दुग्गो खेलते थे। बच्चे अपने दादा-दादी, नाना-नानी से मिलते, उनसे परियों की कहानियां सुनते थे। यही सब जब फिर से जीने का मौका मिलता है तो मन खुशी से झूम उठता है, अपनों से भी हमारा रिश्ता गहराता है। इस तरह ग्रीष्म ऋतु को सकारात्मक होकर जिएं, उसके निहितार्थ को समझें तो यह भी सुहानी लगेगी, बहुत ही भाएगी। a

---

# इन छुट्टियों में हो जाइए रिफ्रेश-एनर्जेटिक

पूरे साल स्कूल जाने वाले बच्चों की मांएं इतनी ज्यादा व्यस्त रहती हैं कि इनके पास अपने लिए कोई समय नहीं रहता। एक ही ढर्रे पर चलते रहने से बोरियत होने लगती है। ऐसे में आप गर्मी की इन छुट्टियों को कुछ इस तरह प्लान कर सकती हैं कि खुद को फील करेंगी रिफ्रेश-एनर्जेटिक।

एंज्वॉयमेंट



ब च्चों की समर वेकेशंस उनकी मदर्स के लिए पूरे साल में ऐसा समय होता है, जब वे कुछ फुरसत के पल अपने लिए निकाल पाती हैं। तो क्यों न, इस बार की समर वेकेशंस में आप रिफ्रेश हो जाएं। कैसे, ये हम आपको बताते हैं।

## कहीं घूम आएं

समर वेकेशन में आप अपने रूटीन शेड्यूल में थोड़ा चेंज करके खुद को रिफ्रेश महसूस कर सकती हैं। इसका सबसे प्रभावी और सरल तरीका है कि इन छुट्टियों में परिवार के साथ किसी हिल स्टेशन पर घूमने के लिए चली जाएं। ऐसी जगह का टूर आपको नई एनर्जी देगा। जिस भी हिल स्टेशन जाना हो, पहले से ही ट्रिप प्लान कर लें। प्लानिंग करते समय बच्चों की पसंद का भी ख्याल रखें। ऐसा करने पर इस हॉली-डे टूर को आपके साथ बच्चे भी खूब एंज्वॉय करेंगे। साल में एक बार लगने वाली ऐसी ट्रिप और पूरे परिवार के साथ बिताए खुशनुमा पल आपको साल भर प्रफुल्लित रखेंगे।



## सीखें कुछ नया

गर्मी की छुट्टियों में किसी वजह से अगर कहीं बाहर नहीं जा पा रही हैं तो यही टाइम है, जब कुछ नया सीखा जा सकता है। हॉबी क्लासेज और पर्सनालिटी डेवलपमेंट से जुड़े संस्थान इन दिनों कई तरह की क्लासेज चलाते हैं। कई पैकेज ऐसे भी होते हैं, जिनमें पैरेंट्स भी बच्चों के साथ ज्वाइन कर सकते हैं। इस तरह आप अपने बच्चे के साथ समय भी बिता पाएंगी और कुछ नया भी सीखेंगी। इस तरह के समर कैंप का हिस्सा बनकर बच्चे की प्रतिभा को निखरने का मौका तो मिलेगा ही, आपको भी घर के बाहर एक अलग माहौल और नए लोगों से घुलने-मिलने का अवसर मिलेगा, जो निश्चित ही आपके भीतर पॉजिटिव बदलाव लाने का काम करेगा। सबसे अच्छी बात यह है कि आपके इस तरह की एक्टिविटीज में बच्चों के साथ पार्टिसिपेट करने से उन्हें बहुत खुशी होगी और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। अपनी और बच्चों के इंट्रेस्ट को ध्यान में रखते हुए अच्छे समर कोर्सेज चुनें और कुछ नया और अच्छा सीखने पर फोकस करें। आप दोनों के लिए ऐसी क्लासेज, नई एनर्जी का संचार कर सकती हैं और समय का सदुपयोग तो है ही।

## टाइम टेबल की हो छुट्टी

पूरे साल बच्चों के टाइम टेबल के साथ चलते हुए आप उन्हीं के अनुसार काम करती हैं। बच्चों को सुबह समय पर उठाना, समय पर तैयार करना, टिफिन रेडी करना, शाम को होम वर्क टाइमली पूरा करवाना और उन्हें सुलाकर खुद भी टाइम के अनुसार बेड पर चले जाना। तो क्यों न, इन छुट्टियों में 'जल्दी करो... देर हो रही है...' जैसे वाक्यों की भी कुछ दिन के लिए छुट्टी कर दें। समर वेकेशंस में चलने वाले कोर्सेज में आपके पास विकल्प होते हैं कि आप कौन-सा टाइम चुनें। सुबह, शाम या दोपहर जो समय आपको जंचे, उसके अनुसार अपनी क्लास चुनें। इससे कोई आपा-धापी नहीं रहेगी। अगर मन हो तो सुबह कुछ देर से भी उठ सकती हैं। रात में कोई अच्छी फिल्म या सीरियल आ रहा है तो उसे भी देख सकती हैं। किसी पार्टी से घर लौटने में अगर देर हो रही है तो परेशान न हों। कहने का मतलब यह है कि कुछ समय के लिए अपने टाइम टेबल को थोड़ा ईजी गोइंग रखें।



## कर लें खुद को रिएनर्जेटिक

जिंदगी को पूरी तरह जीने के लिए यह बहुत जरूरी है कि इसमें कुछ ऐसी एक्टिविटीज शामिल की जाएं, जिन्हें करते हुए आप आनंद का अनुभव करें। इसलिए गर्मी की इन छुट्टियों में यह तय कीजिए कि आप अपने लिए कुछ पल जरूर निकालेंगी और उसमें कुछ भी ऐसा करेंगी, जिसे करने से आपको खुशी मिले। आप चाहें तो अपनी फ्रेंड के साथ या बच्चों के साथ गेम्स खेल सकती हैं।

कहने का सार यह है कि गर्मी की इन छुट्टियों में आप क्या और कैसे कर रही हैं, इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि इस दौरान खुद को रिएनर्जेटिक और रिफ्रेश करने के लिए आपने क्या किया? क्योंकि इस दौरान किए गए मनपसंद कामों से मिलने वाली खुशी और संतुष्टि पूरे साल आपको एनर्जेटिक बनाए रखेगी। a

---

# इस मौसम में स्किन रहेगी प्रॉब्लम-फ्री

स्किन केयर



शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट



स मर सीजन शुरू होते ही स्किन पर तरह-तरह की प्रॉब्लम्स शुरू हो जाती हैं। ऑयली स्किन, ब्लैक हेड्स, व्हाइट हेड्स इन समस्याओं में शामिल हैं। इस तरह की समस्याओं से बचने के लिए स्किन की रेग्युलर क्लीनिंग, टोनिंग और मॉयश्चराइजिंग करनी चाहिए। जरूरी नहीं है, इसके लिए आप केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स ही यूज करें। आप चाहें तो कुछ घरेलू उपायों को भी आजमा सकती हैं। जानिए, इनके बारे में।

**खीरे का फेसपैक :** त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए आप खीरे को त्वचा पर टोनर की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। यह एक नेचुरल एस्ट्रिंजेंट होता है। आप इसका रस चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर पानी से वॉश कर लें। गर्मियों में इससे बना फेस पैक बना कर लगाने से त्वचा में ताजगी और कोमलता आती है और स्किन एक्सफोलिएट होती है। खीरे का फेस पैक बनाने के लिए खीरे के पेस्ट के साथ एक-एक चम्मच दही और शहद मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। आप इस फेस पैक को हफ्ते में दो बार उपयोग कर सकती हैं। वैसे आप जरूरत के अनुसार खीरे के रस के साथ गुलाब जल मिक्स करके भी चेहरे पर लगा सकती हैं।

**नीबू का रस :** नीबू का रस भी एक बहुत अच्छा एस्ट्रिंजेंट होता है। एस्ट्रिंजेंट त्वचा के रोम छिद्रों (स्किन पोर्स) को रिफाइन करता है। लेकिन स्किन पर नीबू का रस कभी भी डायरेक्ट नहीं लगाना चाहिए। आप नीबू और शहद को मिलाकर फेस पैक बना सकती हैं। ऑयली स्किन के लिए एक चम्मच शहद में दो चम्मच नीबू रस मिलाएं और इस मिश्रण का उपयोग करें, जबकि नॉर्मल या ड्राय स्किन के लिए नीबू और शहद को बराबर मात्रा में मिलाना चाहिए।

**सेब का रस :** यह त्वचा के लिए एक बेहतरीन टोनर का काम करता है। इसके लिए सेब को कद्दूकस करके चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद फेस वॉश कर लें। इसके अलावा आप रस भरे सेब के स्लाइस को फेस पर सर्कुलर मोशन में लगाएं। इससे उसका रस स्किन के अंदर तक जाता है, जो स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। सेब गर्मियों में सनबर्न से राहत देता है, अल्ट्रावायलेट रेज से भी स्किन की प्रोटेक्ट करता है। ऐसा रेग्युलर करने से स्किन में पॉजिटिव फर्क नजर आएगा। a


---

# समर सीजन के लिए परफेक्ट एक्सरसाइज

फिटनेस

फिट-हेल्दी रहने के लिए गर्मी के मौसम में भी एक्सरसाइज को अपने डेली रूटीन में शामिल करना जरूरी है। लेकिन इससे पहले यह जान लें कि कौन-सी एक्सरसाइज इस दौरान करें और क्या सावधानियां बरतें?





क ई लोग गर्मी-पसीने की वजह से इस मौसम में एक्सरसाइज करना बंद कर देते हैं। जबकि हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार मौसम कोई भी हो, फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करते रहना जरूरी है। यहां हम आपको बता रहे हैं गर्मियों के लिए परफेक्ट कुछ एक्सरसाइजेज के बारे में।

**साइक्लिंग-रनिंग :** साइक्लिंग और रनिंग करने से पूरे बॉडी की एक्सरसाइज हो जाती है। इसे रेग्युलर करके खुद को इस मौसम में फिट रख सकती हैं। इससे बॉडी मसल्स मजबूत बनती हैं, साथ ही यह एक्सरसाइज वेट लॉस में भी फायदेमंद है। रोजाना आधा घंटा साइक्लिंग या रनिंग करने से पैरों को मजबूती मिलती है। ध्यान रखें कि ये दोनों एक्सरसाइज आप केवल सुबह 9 बजे के पहले या शाम 5 बजे के बाद ही करें। अगर आपको ज्यादा पसीना आता है तो आप रनिंग के बजाय वॉकिंग भी कर सकती हैं।

**पुशअप्स :** पुशअप वर्कआउट को आप आसानी से अपने घर पर ही कर सकती हैं। इसे करने से अपर बॉडी की मसल्स स्ट्रॉन्ग बनती हैं। साथ ही पेट, पैर और हाथों की मसल्स भी टोन होती हैं। पुशअप्स करने के लिए आप एक मैट बिछा लें, इस पर पेट के बल लेट जाएं। अपने हाथों को कंधों से हल्का चौड़ा करके फर्श पर रखें। अब वजन को हाथों के पंजे और पैरों की अंगुलियों पर डालें। इसके बाद सीने को नीचे जमीन की तरफ ले जाएं, फिर ऊपर लाएं। इस पोजिशन में सिर से लेकर एड़ी तक को बिल्कुल सीधा रखें। आप अपनी क्षमतानुसार पुशअप्स लगा सकती हैं।

**कार्डियो एक्सरसाइज :** कार्डियो एक्सरसाइज बहुत इफेक्टिव है, इसे रोजाना 10 मिनट करके भी आप खुद को फिट रख सकती हैं। कार्डियो एक्सरसाइज, वेट लॉस में भी कारगर होती है। आप घर पर ही आसानी से कार्डियो के कई फॉर्म्स कर सकती हैं। सिंपल कार्डियो एक्सरसाइज करने के लिए आप सबसे पहले अपने दोनों पैरों को सटाकर खड़ी हो जाएं। अब एक ही स्थान पर जंप करें। जंपिंग के दौरान अपने पैरों को खोलें-बंद करें। इसी के साथ अपने दोनों हाथों को भी ऊपर उठाएं-नीचे करें। आप इस एक्सरसाइज को 10-15 मिनट तक कर सकती हैं।

**स्वीमिंग :** गर्मी के मौसम के लिए स्वीमिंग को बेस्ट एक्सरसाइज माना जाता है। इससे शरीर की गर्मी शांत होती है। इसके साथ ही पूरे शरीर की एक्सरसाइज भी हो जाती है। स्वीमिंग, मेंटल और फिजिकल दोनों हेल्थ के लिए एक अच्छी एक्सरसाइज है। गर्मियों में आप इसे रेग्युलर कर सकती हैं। a


**(फिटनेस एक्सपर्ट अर्चना जैन से बातचीत पर आधारित)**

### रखें इन बातों का ध्यान

- एक्सरसाइज के बीच में रेस्ट करते रहें। कई घंटे लगातार एक्सरसाइज ना करें।
- गर्मी में बॉडी जल्दी डिहाइड्रेट हो जाती है। इससे बचने के लिए एक्सरसाइज के दौरान आप अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें।
- एक्सरसाइज के बाद एनर्जी ड्रिंक्स जैसे नीबू पानी, नारियल पानी ले सकती हैं।
- एसी के सामने एक्सरसाइज ना करें।
- सुबह 10 से शाम 4 के बीच आप एक्सरसाइज करने से बचें। a

---

# दुनियाभर में मशहूर हैं भारत के इन राज्यों की ये मिठाइयाँ, विदेशी भी खाते हैं बड़े चाव से



मिठाई खाना तो आपको भी पसंद होगा? जी हां, हमारे देश में हर त्यौहार या जीवन की छोटी-छोटी खुशियों का जश्न मिठाई के बिना अधूरा है। चाहे लड्डू हो या जलेबी या रसगुल्ला, हर खुशी के मौके पर मिठाई जरूर खाई जाती है। भारत की मिठाइयां देश ही नहीं दुनियाभर में मशहूर हैं। दुनियाभर में विदेशी लोग भी भारतीय मिठाइयों को बड़े चाव से खाते हैं। खाने के मामले में भारत के हर राज्य की अपनी एक अलग और अद्भुत पेशकश होती है। आज के इस पोस्ट में हम आपको भारत के कुछ राज्यों की प्रसिद्ध मिठाइयों के बारे में बताने जा रहे हैं -

**महाराष्ट्र**– गणपति बप्पा को भोग के रूप में चढ़ाए जाने वाला मोदक महाराष्ट्र की सबसे फेमस मिठाई है। मैदे या चावल के आटे में गुड़ और ड्राई फ्रूट भरकर इस मिठाई को बनाया जाता है। मराठी में 'मोदा' शब्द का अर्थ होता है सकारात्मकता और खुशी। मोदक खाकर आपको भी इन दोनों का एहसास होगा।

**गोवा**– घूमने के शौकीन लोगों की लिस्ट में गोवा टॉप पर आता है। यह जगह न केवल अपने शानदार बीच और नाइट लाइफ के लिए मशहूर है, बल्कि अपने खाने के लिए भी जाना जाता है। अगर बात की जाए मिठाई की तो गोवा का बेबिंका केक देशभर में मशहूर है। आटे, नारियल, अंडे और जायफल से बना यह केक आपको एक बार जरूर ट्राई करना चाहिए।

**उत्तराखंड**– अगर आप उत्तराखंड घूमने जा रहे हैं तो वहां की मशहूर बाल मिठाई जरूर खाएं। दूध, खोया, चॉकलेट और शुगर बॉल से बनी यह मिठाई आपको जरूर पसंद आएगी।

**छत्तीसगढ़**– छत्तीसगढ़ की देहरौरी मिठाई को देशभर में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। चावल, काजू, बदाम, दही से बनी इस मिठाई का लाजवाब स्वाद आप भूल नही पाएंगे।

**हिमाचल प्रदेश**– अगर आप हिमाचल प्रदेश घूमने जा रहे हैं तो यहां की फेमस मिठाई बबरू जरूर खाएं। यह मिठाई हिमाचल में सभी शुभ अवसरों पर बनाई जाती है।

**राजस्थान**– राजस्थानी घेवर देशभर में मशहूर है। तीज के मौके पर इस मिठाई का खास इस्तेमाल होता है। राजस्थान में आपको कई वैरायटी के घेवर मिल जाएंगे, जैसे प्लेन घेवर, मलाई घेवर और मावा घेवर।

**बिहार**– बिहार की सबसे प्रसिद्ध मिठाई ठेकुआ है। खासतौर पर छठ पूजा में इस मिठाई को जरूर बनाया जाता है। खाजा भी बिहार की एक मशहूर मिठाई है जो देशभर में बहुत प्रसिद्ध है।

**कर्नाटक**– अगर आप कर्नाटक घूमने जा रहे हैं तो यहां की सबसे प्रसिद्ध मिठाई मैसूर पाक ट्राई करना न भूलें। बेसन, घी, इलायची पाउडर और चीनी से बनी यह मिठाई खाते ही मुंह में घुल जाती है।

**मध्य प्रदेश**– मध्य प्रदेश अपने तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए देशभर में मशहूर है। अगर बात मिठाई की करें तो मध्य प्रदेश की खोया-जलेबी बहुत मशहूर है। मध्य प्रदेश में सुबह आपको पोहा और जलेबी का नाश्ता करने को मिल सकता है।

**जम्मू-कश्मीर**– जम्मू-कश्मीर की सैर करने जा रहे हैं तो यहां की सबसे फेमस मिठाई शुफ्ता ट्राई करना ना भूलें। ड्राई फ्रूट, चीनी, केसर, दालचीनी और चीनी से बनी इस खास मिठाई का स्वाद आपको हमेशा याद रहेगा।



# कभी भी दर्शकों को हल्के में नहीं लूंगा : नवाजुद्दीन

मुंबई। बॉलीवुड के सिने अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी का कहना है कि वह अपने दर्शकों को कभी हल्के में नहीं लेते हैं और यही कारण है कि उनका प्रयास हमेशा कुछ अलग दिखाने का होता है। इसके साथ ही अभिनेता ने कहा कि जिस दिन वह अपने दर्शकों को हल्के में ले लेंगे उसी दिन से उनके पतन की शुरुआत हो जाएगी। दो दशक से अधिक के अपने कॅरियर में, लगभग हर फिल्म में प्रशंसा प्राप्त की है -जिसमें 'ब्लैक फ्राइडे' और 'कहानी' जैसी फिल्में उनके शुरुआती दिनों में की है और इसके अलावा 'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'बदलापुर' और 'फोटोग्राफ' जैसी फिल्मों में दमदार भूमिका के बल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है।

## लाइफ Style



# सारा
## सचिन की बेटी करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू

भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर सबसे लोकप्रिय स्टार किड्स में से एक हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर उनकी तस्वीरें वायरल होती रहती हैं। वह आए दिन अपनी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर शेयर करती रहती हैं। उनकी यह तस्वीरें फैंस को काफी पसंद भी आती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया पर उनकी फैन लिस्ट भी काफी लंबी है। फैन फॉलोइंग और पॉपुलैरिटी के मामले में सारा किसी सेलिब्रिटी से पीछे नहीं हैं। अब सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा से जुड़ी ऐसी खबर सामने आ रही हैं, जिसके बाद उनके बॉलीवुड में कदम रखने की अफवाहों ने एक बार फिर हवा पकड़ ली है। सामने आती मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सारा इन दिनों अभिनय की शिक्षा ले रही हैं और आने वाले समय में कई ब्रांड एंडोर्समेंट भी करते हुए नजर आएंगी। सारा के करीबी सूत्रों के मुताबिक, सारा जल्द ही बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। उन्हें हमेशा से एक्टिंग में दिलचस्पी रही है, जिसकी वजह से सारा ने एक्टिंग की क्लास भी ली है। सारा ने कुछ ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए शूटिंग भी पूरी कर ली है। लंदन यूनिवर्सिटी से मेडिसिन की पढ़ाई करने के बाद अब सारा ग्लैमर की दुनिया में अपना करियर बनाने के उत्सुक हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि सारा अपनी एक्टिंग स्किल्स से दर्शकों को चौंकाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सारा बेहद प्रतिभाशाली है और वह अपने जीवन के लिए जो भी निर्णय लेती हैं उनके माता-पिता हमेशा उनका समर्थन करते हैं। सारा पेशे से एक मॉडल हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# सोशल मीडिया से बनाई दूरी

लॉस एंजिलिस। पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स का कहना है कि उन्होंने सोशल मीडिया से कुछ समय के लिए दूर रहने का फैसला किया है। स्पीयर्स ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर यह जानकारी दी। गायिका (40) ने एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'मैं कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूर हो रही हूं। आप सभी को मेरा प्यार, भगवान आपकी रक्षा करे।' स्पीयर्स और उनके मंगेतर सैम असगरी ने करीब दो सप्ताह पहले ही घोषणा की थी कि वे माता-पिता बनने वाले हैं।




# थप्पड़ कांड के बाद छलका मां का दर्द

लॉस एंजिलिस। ऑस्कर सेरेमनी के दौरान विल स्मिथ की पत्नी के गंजेपन का मजाक उड़ाए जाने पर विल ने कॉमेडियन क्रिस रॉक को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया था। तभी से यह मामला सुर्खियों में बना रहता है। विल स्मिथ पर ऑस्कर और अकादमी के अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने पर भी 10 साल का बैन लगाया जा चुका है। अब एक महीने बाद अपने बेटे क्रिस को थप्पड़ मारे जाने पर मां रोस रॉक का बयान सामने आया है। ऑथर और मोटिवेशनल स्पीकर रोज रॉक ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा कि क्रिस अब बेहतर है और अच्छा कर रहा है। वह उस दिन की घटना से बाहर आने की कोशिश कर रहे हैं। व



# अमीषा पर धोखाधड़ी का केस दर्ज...

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल शनिवार को खंडवा जिले में मां नवचंडी देवीधाम के आयोजन में पहुंचीं थीं। कार्यक्रम में एक घंटे की प्रस्तुति देने के लिए अमीषा पटेल ने करीब 4 लाख रुपए फीस ली थी। लेकिन अमीषा कार्यक्रम में सिर्फ 3 मिनट की प्रस्तुति देकर ही इंदौर के लिए रवाना हो गईं। एक्ट्रेस के इस व्यवहार की शहर के समाजसेवी विरोध कर रहे हैं। रविवार को अमीषा के खिलाफ सिटी कोतवाली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया गया है। कार्यक्रम को देखने के लिए करीब 5 से 7 हजार दर्शक जुटे थे। वहीं इस मामले पर एक्ट्रेस ने अपने ट्वीट में लिखा कि मुझे अपने जीवन को लेकर डर था मैं स्थानीय पुलिस को धन्यवाद देना चाहती हूं, जन्होंने मेरी ठीक तरह से सुरक्षा की। अमीषा ने खराब इंतजाम के चलते कार्यक्रम छोड़ने की बात लिखी है।



# अतरंगी कपड़े ने खिंचा लोगों का ध्यान

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेता के पास कई फिल्में हैं और इन फिल्मों के रिलीज होने का फैंस इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच रणवीर एक बार फिर अपने अतरंगी फैशन सेंस की वजह से लाइमलाइट में आ गए हैं। अभिनेता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर के आउटफिट देखकर लोगों का सिर चकरा गया। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग उन्हें खूब ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, रणवीर अपनी फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। इसी बीच अभिनेता का एक वीडियो सामने आया, जिसमें रणवीर कलरफुल कपड़ों में नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि रणवीर ने कलरफुल प्लाजो पहना हुआ है।

## टीवी मसाला



# कंगना ने किया अली मर्चेंट को 'लॉक अप' से बाहर...

मुंबई। कंगना रणौता का शो 'लॉक अप' सबसे ज्यादा देखने वाला शो बन चुका है। शो शुरुआत से ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बना रहता है। मेकर्स शो को लोगों के लिए मजेदार बनाने के लिए रोज नए-नए ट्विस्ट ला रहे हैं। इसी बीच कंटेस्टेंट भी अपनी जिंदगी से जुड़े ऐसे राज से पर्दा उठा रहे हैं, जो हैरान करने वाला है। अब 'लॉक अप' से खबर आ रही है क्वीन कंगना ने सबसे ज्यादा वोट मिलने के बाद भी अली मर्चेंट को शो से बाहर कर दिया है। दरअसल, शो फिनाले के नजदीक आ रहा है और इसी के चलते दर्शकों को आए दिन कुछ न कुछ शॉकिंग देखने को मिल रहा है। इस बार कंगना रणौत ने ज्यादा वोट मिलने के बाद भी अली मर्चेंट को ऑउट कर दिया। कंगना ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी अली शो में इतना आगे तक आ भी पाएंगे। उन्होंने कहा कि शो में अली का योगदान न के बराबर है और उनकी गिनती शो के सुस्त कंटेस्टेंट में होती है। इसलिए उन्हें शो से बाहर कर दिया गया।

# 'बबीता जी' का डांस देख बढ़ जाएंगी 'जेठालाल' की धड़कनें



मुंबई। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो के बारे में तो आप ही जानते होंगे। इस शो के कई सारे किरदार हमारे दिल और दिमाग में बस गए है। इसी शो का एक किरदार है बबीता जी जिनको लेकर अक्सर सोशल मीडिया से लेकर हर जगह चर्चा होती है। इसी बीच मुनमुन दत्ता उर्फ बबीता जी का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मुनमुन दत्ता डांस करती हुई नजर आ रही है। स्किन फिट कपड़ों में बबीता जी की किलर डांस परफॉर्मेंस देखकर हर कोई हैरान नजर आ रहा है। तो चलिए हम आप भी देखिए ये बबीता जी का ये डांस वीडियो।

# 'सूर्या' से सामने आया फर्स्ट लुक



मुंबई। बॉलीवुड के एक्शन हीरो सनी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'सूर्या' की शूटिंग के लिए राजस्थान में हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान से उनका लुक सामने आया है, जो बेहद स्ट्रांग नजर आ रहा है। फिल्म सूर्या को एक मलयालम क्राइम थ्रिलर फिल्म का रीमेक बताया जा रहा है। फिल्म में सनी का लुक सामने आने के बाद एक्टर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं और लंबे समय बाद अपने हीरो को दोबारा स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। सूर्या के साथ ही सनी देओल फिल्म 'गदर 2' की शूटिंग भी कर रहे हैं। सनी देओल ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में एक्टर बढ़ी हुई और हल्की सफेद दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सनी देओल ग्रे पैंट और लाइट ब्राउन शर्ट में नजर आ रहे हैं। पैरों में उन्होंने ब्राउन लेदर सैंडल पहना हुआ है। अपने इस बेहद साधारण लेकिन मजबूत लुक में सनी सीढ़ियों पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को पोस्ट करते हुए सनी देओल ने लिखा है, 'उसके पास सारी खुशियां थीं, लेकिन फिर जीवन की यात्रा ने उसकी खुशियां छीन लीं और वह घृणा, क्रोध और प्रतिशोध के साथ रह गया। लेकिन सूर्या को एक मकसद मिल गया...'।



# रश्मिका को देख लोगों ने घेरा ...

*मुंबई। साउथ इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना इन दिनों अपने करियर के पीक पर हैं। एक्ट्रेस के पास आने वाले दिनों में कई सारे प्रोजेक्ट्स हैं, जिनकी वजह से वो चर्चा में बनी हुई हैं। इस प्रोजेक्ट्स में से एक रणबीर कपूर की 'एनिमल' भी है। बीते दिनों ही रश्मिका मंदाना फिल्म के शेड्यूल के लिए मनाली रवाना हुई थी। मनाली में फिल्म का दो दिन का शेड्यूल पूरा करने के बाद रश्मिका को मुंबई में स्पॉट किया। रश्मिका को देखते ही पपराजी की बड़ी भीड़ एक्ट्रेस की ओर जाती दिखाई। रश्मिका को इस भीड़ से अपनी कार तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस फोटो में हम देख सकते हैं कि फैंस ने रश्मिका मंदाना को सेल्फी क्लिक कराने के लिए कैसे घेर लिया है। हालांकि बाद में चीजें कंट्रोल से बाहर होती दिखाई दी। रश्मिका मंदाना को उनकी कार तक पहुंचाने के लिए सिक्यूरिटी टीम को भी काफी मेहनत करनी पड़ी। फोटो में रश्मिका मंदाना काफी डरी हुई दिखाई दे रही हैं।*

## कमी से एनीमिया, डायरिया, कब्ज जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं

# विटामिन बी-12 की कमी को आसानी से दूर करते हैं ये वेजिटेरियन फूड

*यदि आप शाकाहारी हैं, और विटामिन बी 12 की कमी से परेशान हैं तो हम आज आपको यहां बता रहे हैं ऐसे शाकाहारी फूड्स के बारे में जो विटामिन बी 12 से भरपूर हैं। हालांकि जो लोग नॉनवेज लेते हैं उन्हें मांस, मछली के जरिए आसानी से विटामिन बी 12 मिल जाते हैं। विटामिन बी12 की कमी से एनीमिया से लेकर याददाश्त कम होने से लेकर डायरिया और कब्ज जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं। यदि आप शाकाहारी हैं, तो जान लें कि विटामिन बी12 की कमी से बचने में कौन-कौन से फूड्स आपकी मदद कर सकते हैं।*



**चने**: जो लोग चिकन और मांस नहीं खाते हैं, उनके लिए छोले एक अच्छा विकल्प है। पोषक तत्वों से भरपूर होने के अलावा, छोले में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और फाइबर भी होता है। इसे कैसे भी और कहीं भी खा सकते हैं।



**मट्ठा** : दूध के फटने के बाद जो पानी मिलता है वह अन्य आवश्यक विटामिन और प्रोटीन के साथ-साथ विटामिन बी12 का एक बड़ा स्रोत है। अगली बार फेंकने के बजाय उसका सेवन करने पर फोकस करें।



**चुकंदर**: विटामिन बी 12 का एक पावरहाउस और अन्य पोषक तत्वों का एक बड़ा स्रोत, चुकंदर आपके दैनिक आहार में अवश्य होना चाहिए। विटामिन बी12 के साथ-साथ यह आयरन से भी भरपूर होता है जो हमारे शरीर के रक्त प्रवाह के लिए आवश्यक होता है।



**दही**: दही में बहुत सारे प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि दही विटामिन बी12 का भी अच्छा स्रोत है। इसके साथ ही अन्य डेयरी उत्पाद भी विटामिन बी12 के बेहतरीन स्रोत हैं। यदि आप शाकाहारी हैं, तो सोया दूध और टोफू प्रोटीन व विटामिन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पनीर और दूध के बेहतरीन विकल्प हैं।



**पालक** : हरी पत्तेदार सब्जियां हमेशा हर एक के लिए फायदेमंद होती हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों की सूची में सबसे ऊपर है पालक। इसलिए इसे सुपरफूड के नाम से जाना जाता है। यह पोषक तत्वों से भरपूर और बहुमुखी भोजन है जिसे चटनी से लेकर ग्रेवी से लेकर सूप तक कई तरह से तैयार किया जा सकता है।

## गर्मी से बचने के लिए ज्यादातर लोग पीते हैं नींबू पानी



नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है और इसमें उच्च स्तर का आहार फाइबर होता है, जो हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है. लेकिन गर्मी को मात देने के लिए सिर्फ नींबू पानी ही नहीं अन्य विकल्प भी हैं। उत्तर भारत सहित देश के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री से अधिक बढ़ने के साथ, हीटवेव कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए नींबू से बना एक लोकप्रिय पेय है नींबू पानी। नींबू विटामिन सी से भरपूर होता है और इसमें उच्च स्तर का आहार फाइबर होता है, जो हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। गर्मी में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से बचने के लिए ज्यादातर लोग नींबू पानी पीते हैं। लेकिन गर्मी को मात देने के लिए सिर्फ नींबू पानी ही नहीं अन्य विकल्प भी हैं।

# भारी हंगामे के कारण बोर्ड की बैठक में नहीं पास हो सका बजट

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर पालिका परिषद अहरौरा की बोर्ड की बैठक मंगलवार को बजट को लेकर बुलाई गई थी लेकिन बैठक में नगर में बदहाल पेयजल व्यवस्था को लेकर सभासदों ने हंगामा कर दिया जिससे बजट पास नहीं हो पाया ? । वही सभासदों का आरोप है कि हम लोगों के प्रश्नों का उत्तर अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष नहीं दे पाए । सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है जिससे नगर का विकास पूरी तरह से ठप हो गया है ।

नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक नगर के दुर्गा जी स्थित सामुदायिक भवन में मंगलवार को दोपहर में बुलाई गई थी बैठक में पहुंचे सभासदों ने नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार नगर की बदहाल पेयजल व्यवस्था सहित अन्य विषयों को लेकर हंगामा शुरू कर दिया जिससे बजट पर चर्चा ही नहीं हो पाई और बजट नहीं पास हो पाया । अंत में बैठक को स्थगित करनी पड़ी । सभासद कृष्णा तिवारी ने बताया कि नगर पालिका परिषद की बजट को लेकर बैठक है इसकी जानकारी सूचना के माध्यम से दी गई थी लेकिन बजट बैठक की कॉपी नहीं उपलब्ध कराई गई थी ताकि हम सभासद उसका अध्ययन कर बोर्ड की बैठक



में उस पर बात विचार कर सके जिससे प्रतीत होता है कि नगर पालिका अध्यक्ष मनमाने तरीके से बजट पास करना चाह रहे थे ?। कृष्णा तिवारी ने बताया कि नगर में पेयजल का घोर संकट चल रहा है नगरपालिका के लगभग 15 वार्ड चौक बाजार , कन्हैया लाल ,गोला सहुर्वाइन, पट्टी खुर्द , पट्टी कला , मलाही टोला ,तकिया , पांडेय जी गोला सहित अन्य कई वार्ड में लोग पिछले दो माह से पेयजल से लोग जूझ रहे हैं । लेकिन नगर पालिका परिषद द्वारा पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है । सभासदों का यह भी आरोप था कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर है नगर पालिका अध्यक्ष बजट पास कराकर केवल अपने चहेते ठेकेदारों को भुगतान करना चाह रहे हैं । सभासद सिद्धार्थ सिंह उर्फ मिक्की सिंह ने बताया कि नगर पालिका में मनमानी नहीं चलने दी जाएगी जो नगर वासियों के हित में होगा वही काम अब होगा । उन्होंने कहा कि पहले नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी सभासदों को यह जानकारी दे कि नगर में अब तक कितना कार्य कैसे हुआ है । उसके बाद बजट पर चर्चा किया जाएगा । वही सभासद कृष्णा तिवारी का यह भी आरोप है कि हम लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर अधिशासी अधिकारी नवनीत सिंह एवं अध्यक्ष गुलाब मौर्या टाल गए । सभासदों का यह भी आरोप रहा कि पिछले बैठक की कार्रवाई के विषय में भी बोर्ड की बैठक में जानकारी नहीं दी गई सीधे-सीधे मनमानी तरीके से नगर पालिका अध्यक्ष गुलाब मौर्या बजट पास करना चाह रहे थे जिसका हम सब हम सभी सभासदों ने जोरदार विरोध किया । बैठक में सभासद विनोद कुमार सिंह , राघव सिंह ,ओमप्रकाश केसरी ,मोहम्मद शकील ,इंदु देवी सहित लगभग 25 सभासद उपस्थित रहे ।

# काशी दास पूजा संपन्न

प्रखर गंभीरपुर आजमगढ़। विकासखंड मोहम्मदपुर के रानीपुर रजमो ग्राम सभा के रामपुर मे काशीदास बाबा पूजा का अभई यादव द्वारा आयोजन किया गया इस पूजा मे खौलते हुए दूध से पौहारी सुखाई दास स्नान करते हैं ताई चढ़ाते हैं दूध पानी से स्नान करते हैं हवन कुंड पर पौहारी लेटने से भी शरीर पर कोई आंच नहीं आती। ग्रामीण क्षेत्रों में इस पूजा का बहुत ही महत्त्व है सदियों से इस पूजा को गर्मी के महीने में ही लोग कराह चढ़ाते है सैकड़ों घड़ा पानी से नहाने के बाद दूध से स्नान करते हैं घड़ा की बनाई हुई ताई से भी स्नान करते हैं अपने शरीर पर लेप करते हैं गर्म रहने पर भी उनके ऊपर कोई असर नहीं करता जिसे लोग देवी का चमत्कार वन शक्ति मां का पूजा काशीदास बाबा महाराज एवं बांके बिहारी लाल की श्रद्धालुओं ने जय कार भी बीच-बीच में लगता रहा दुर्गा मां शंकर जी हनुमान जी सभी देवी देवताओं का जयकार बीच-



बीच में द्वारा लगाया जा रहा था। इस मौके पर डॉ सूर्य प्रकाश यादव, सुबई यादव,राम अवध यादव, जेके सिंह,लालचंद यादव, रामवृक्ष यादव सहित अनेक क्षेत्र के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## एडीजी-112 की पहल पर चार दिवसीय कार्यक्रम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। एडीजी-112 अशोक कुमार सिंह के दिशा निर्देशन मे चार दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वाराणसी, गाजीपुर और मिजार्पुर मे मंगलवार से शुरू होगा। इस मौके पर यूपी- 112 मुख्यालय से अपर पुलिस अधीक्षक मोहिनी पाठक, मीडिया सेल प्रभारी करुणा शंकर सिंह और विपिन शुक्ल के नेतृत्व मे टीमें स्थानीय पुलिस के सहयोग से नागरिकों को 112 की विभिन्न योजनाओं के बारे मे अवगत कराएंगी। चार दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को बताया जाएगा कि किसी भी आपात स्थिति मे नागरिक सिर्फ यूपी-112 पर कॉल करके कैसे विभिन्न सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। 112 के माध्यम से पुलिस सहायता के अतिरिक्त आग लगने पर अग्निशमन वाहन, दुर्घटना होने पर एम्बुलेंस और प्राकृतिक आपदा के समय एसडीआरएफ की सेवाएं नागरिक ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर चलती ट्रेन मे भी आपात सहायता 112 के माध्यम से ली जा सकती है। महिलाओं और बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यूपी-112 द्वारा विशेष तौर पर योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए उतारे गए धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में स्थानी पुलिस ने अनुपालन कराते हुए धर्मगुरुओं व समाज के जिम्मेदार लोगों समेत दोनों समुदायों के लोगों के धार्मिक स्थलों से सर्वोच्च न्यायालय का हवाला देते हुए अनुपालन कराया लोगों ने पुलिस की बात मानते हुए स्वेच्छा से धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर को उतारा इसी क्रम में बस स्टैंड स्थित संकट मोचन मंदिर के पुजारी ने मंदिर के ऊपर लगे लाउडस्पीकर को खोल कर उतरवाया वही अन्य मंदिर और मस्जिद कमेटी के लोगों एवं धर्मगुरु ओ से भी पुलिस ने बात की तो अन्य जगहों पर भी लाउडस्पीकर को उतारकर ध्वनि को कम कर दिया गया यह सिलसिला देर शाम तक दोनों समुदायों धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर उतारने का क्रम चलता रहा वहीं दोनों समुदाय के धर्मगुरु ने अपने अपने समुदाय के लोगों से सोशल मीडिया के जरिए



शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए सुप्रीम कोर्ट का हवाला देकर अन्य जगहों से लाउडस्पीकर समय ध्वनि विस्तारक यंत्र उतारने की अपील करते हुए शांति बनाए रखने का आह्वान किया।

# जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले पत्रकारों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

प्रखर मिजार्पुर ।जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले आज दर्जनों पत्रकारों ने मिजार्पुर जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार और डीआईजी अजय कुमार सिंह को ज्ञापन पत्र सौंपा है । संगठन के पदाधिकारियों ने मांग किया है कि जनपद मिजार्पुर में पत्रकारों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार की घटना पर नियंत्रण लगाया जाए। सरिता सिंह के साथ टी आई के द्वारा दुर्व्यवहार कर समाचार ना कवरेज करने की धमकी की घटना की निंदा की गई और आशीष के साथ अदलहाट थानाध्यक्ष के द्वारा दुर्व्यवहार कर उनके मोबाइल को जप्त कर लिए जाने के 12 घंटे बाद वापस करने की घटना की भी निंदा की गई । पत्रकारों ने कहा कि उपरोक्त दोनों घटनाएं बेहद शर्मनाक है सरकारी कर्मचारियों के द्वारा पत्रकारों के साथ इस तरीके का दुर्व्यवहार पत्रकारिता के कलम को बंद करने का नापाक इरादा है । राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि कुछ कर्मचारियों के द्वारा उत्तर प्रदेश की



सरकार की छवि खराब करने की चेष्टा के प्रयास किए जा रहे हैं जिसका ताजा उदाहरण जनपद मिजार्पुर में दिखाई दिया है । संगठन ने जिलाधिकारी प्रवीण कुमार से मांग किया है कि दोनों प्रकरण की अपने स्तर से जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें जिससे बेहतर लोकतंत्र के साथ पत्रकारिता करने के लिए माहौल बरकरार रहे । डीआईजी मिजार्पुर अजय कुमार सिंह ने उपरोक्त दोनों प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सरिता सिंह के मामले में सीओ सदर को निर्देशित किया है और कहा कि तत्काल कार्रवाई करके अवगत कराएं उसी क्रम में आशीष के मामले में सीओ चुनार को निर्देशित करते हुए कहा कि आशीष पत्रकार के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर तत्काल मुकदमा दर्ज करके सूचित करें। ज्ञापन सौंपने वालों में जर्नलिस्ट वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ,रविंद्र जयसवाल ,सरिता सिंह ,आशीष ,विमलेश सिंह, प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे हैं।

# बी–कॉम की परीक्षा में पकड़े गए चार नकलची

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वामी सहजानन्द पीजी कॉलेज में आज दौरान 4 परीक्षार्थी अनुचित साधन प्रयोग करते पकड़े गए। इस विषय



दिन मंगलवार को प्रातः कालीन सत्र में बीकाम तृतीय वर्ष के प्रथम प्रश्नपत्र कारपोरेट एकाउंटिंग की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा के मे परीक्षा प्रभारी अवधेश राय के हवाले से खबर दी गयी कि चारों नकलची परीक्षार्थियों का निष्कासन कर दिया गया।

## यूक्रेन से लौटी मेडिकल की छात्रा ले रही है ऑनलाइन क्लासेस

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के कटरा निवासी समाजसेवी सुरेंद्र मौर्य की पुत्री सोनम सिंह यूक्रेन के शोमी स्टेट मेडिकल कॉलेज की चौथे वर्ष की एमबीबीएस स्टूडेंट है रूस और यूक्रेन के बीच जारी बमबारी के बीच युद्ध ग्रस्त यूक्रेन से किसी तरह बच बचाकर अपने घर पहुंची, मेडिकल जैसी पढ़ाई के



ऑफलाइन नहीं हो पाने से मायूस जरूर है लेकिन थोड़ी राहत इस बात से है कि कोरोना काल की तरह युद्ध काल में भी ऑनलाइन पढ़ाई कर रही हैं। मेडिकल की पढ़ाई में प्रैक्टिकल का थ्योरी से कहीं ज्यादा महत्व है। प्रैक्टिकल नहीं कर पाने से अपने भविष्य को लेकर परेशान भी है।एक अच्छा संदेश यह है कि यूक्रेन के शिक्षक दहशत के बीच भी अपना कर्तव्य निभा रहे हैं ।वह यह कि युद्ध और बमबारी के बीच उनका क्या होगा। सोनम सिंह ने बताया किभारत सरकार की ओर से भी डॉक्टर बनने के सपने को साकार करने की दिशा में कुछ स्पष्ट दिशानिर्देश नहीं आए, पर यूक्रेन के टीचर ढांढस दिला रहे हैं कि युद्ध समाप्त होने के बाद उनका प्रैक्टिकल पूरा कराएंगे।

# रेजॉइस हेल्थ फाउंडेशन द्वारा अटल स्वास्थ्य मेला का आयोजन

प्रखर दिल्ली। रेजॉइस हेल्थ फाउंडेशन द्वारा श्रीनगर, महिंद्र पार्क, रामलीला मैदान, दिल्ली में अटल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, रेजॉइस हेल्थ फाउंडेशन के ग्लोबल अध्यक्ष डॉ नवल कुमार वर्मा एवं फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रीति वर्मा ने आयोजन को अंजाम दिया. कार्यक्रम में नेहरू होम्योपैथिक हॉस्पिटल से 10 होम्योपैथिक डॉक्टर, सफदरगंज हॉस्पिटल से 2 ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर, तिबिया कॉलेज से 3 आयुर्वेद डॉक्टर, संतोष मेडिकल कॉलेज से दंत चिकित्सक, दिल्ली यूनिवर्सिटी से 25 विद्यार्थियों ने एवं रेजॉइस हेल्थ फाउंडेशन से 15 स्वयंसेवकों ने कैम्प में भाग लिया और अपनी सेवा प्रदान की. डॉ नवल कुमार वर्मा की देखरेख में



सभी डॉक्टरों द्वारा 1000 से ज्यादा मरीजों को होम्योपैथिक उपचार एवं दवाइयां, आयुर्वेदिक उपचार एवं दवाइयां, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा बुजुर्गों को जोड़ों के दर्द का उपचार एवं दवाइयां, 50 से ज्यादा महिलाओं को 6 महीने के लिए सेनेटरी नेपकिन पैड एवं सभी मरीजों को सुखा राशन निशुल्क मुहैया कराया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आए दिल्ली पुलिस के डिप्टी कमिश्नर आर. पी. मीना ने रेजॉइस हेल्थ फाउंडेशन के ग्लोबल अध्यक्ष डॉ नवल कुमार वर्मा, संस्थापक अध्यक्ष डॉ प्रीति वर्मा की प्रशंसा करते हुए उनको और उनकी टीम को साधुवाद एवं धन्यवाद दिया. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ नवल कुमार वर्मा ने वस्त्र ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर त्रिलोक सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल संजीव श्रीवास्तव, मातृशक्ति संस्था की संस्थापक अध्यक्ष एवं दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोनिका गुप्ता, सफदरजंग हॉस्पिटल से ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉक्टर जुझार सिंह, संतोष मेडिकल कॉलेज से प्रोफेसर परविंदर कौर, तिबिया कॉलेज से डॉक्टर कौशिक महापात्र, होम्योपैथी डॉक्टर राजीव चोपड़ा, आयुर्वेदिक डॉक्टर अक्षय डोगरा, रेजॉइस युथ ग्रुप से रीना वर्मा, मेडिकल किट के सहयोग के लिए रवि सोनी, नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं दिल्ली यूनिवर्सिटी से आए स्वयंसेवियों को धन्यबाद दिया.

## क्षेत्र पंचायत हैसर की बैठक आज - प्रिंस अगम सिह



प्रखर संतकबीरनगर। क्षेत्र पंचायत हैसर की बैठक 27 अप्रैल को हैसर ब्लाक सभागार में आयोजित किया गया है। बैठक की पिछली कार्रवाई की पुष्टि प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत योजना पर विचार विमर्श किया जाएगा। तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 के क्षेत्र पंचायत में मनरेगा योजना के कार्य योजना पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी हैसर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रिंस अगम सिह ने दिया।

## बरदह पीजी कॉलेज में 239 छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन का वितरण किया गया

प्रखर बरदह ( आजमगढ़ )। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सोमवार को गांधी स्मारक त्रिवेणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरदह में बीए तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं को 239 मोबाइल फोन वितरण किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा दीदारगंज प्रत्याशी डॉक्टर कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा के हाथों छात्र छात्राओं को मोबाइल फोन का वितरण किया गया इस अवसर पर कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कहा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए यह योजना चलाई जा रही है जिससे शिक्षा का विकास हो और हम चाहेंगे आप सभी लोग इस मोबाइल फोन का सही तरह उपयोग करें और शिक्षा को मजबूत बनाएं प्राचार्य डॉ विजय कुमार राय ने कहा कॉलेज के जितने भी लोगों को यह मोबाइल फोन दिया जा रहा है इसका सही उपयोग करें क्योंकि कोरोना के समय इसका उपयोग



देखने को मिला था ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था चल रही थी इसलिए इसे सही तरह उपयोग करे गलत ना होने पाए कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर देवेंद्र कुमार पांडे ,डॉ अजीत प्रसाद राय, डॉ कृष्णा सिंह, डॉ श्याम नारायण तिवारी, डॉ अमरेश पाठक,बरदह भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश राय समेत आदि लोग मौजूद रहे।

## गोवध के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। पिछले कई वर्षों से गोवध का वांछित अभियुक्त फरार चल रहा था, पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अभियुक्त दिनेश पासी पुत्र सिनचन पासी हाल पता नई बाजार नगर अहरौरा मूल निवास भभुआ बिहार का रहने वाला था जिसे पुलिस ने मिजार्पुर सदर तहसील कचहरी रोड से गिरफ्तार कर अहरौरा लाकर संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी कुछ दिनों से अहरौरा नई बाजार में छुप कर रहा था, दिनेश पासी पिछले कई वर्षों से अपने वाहन से अवैध पशुओं की तस्करी करता था पुलिस ने इसे कई मामलों में वांछित घोषित कर मुकदमा कायम करने के बाद इसकी तलाश में लगी हुई थी।

# हत्या के आरोपी 3 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बीते रविवार को दो पक्षो के बीच जमकर हुए मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान वाराणसी में मौत हो गई। आज दिन मंगलवार को इस कांड के 3 आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता हाथ लगी। बताते चले की पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अभियुक्त व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक सैदपुर द्वारा आज दिन मंगलवार 26 अप्रैल को अभियुक्तगण उपेंद्र सिंह आयु 50 वर्ष पुत्र झूरी सिंह, रवि सिंह पुत्र तेज बहादुर सिंह उर्फ पुष्कल सिंह निवासी ग्राम मुड़ियार थाना सैदपुर, अपचारी नीरज सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह निवासी ग्राम मुड़ियार थाना सैदपुर को मुकदमा अपराध संख्या-95/2022 धारा 323 धारा 504 धारा 506 धारा 336 धारा 308 धारा 34 धारा 302 भारतीय दंड विधान में औडिहार स्टेशन के पास पकड़ी के पेड़ के नीचे से प्रातः 5:15 पर गिरफ्तार कर लिया गया। इनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा (आला कत्ल) बरामद करते हुए उन्हें जेल भेजा जा गया। बताते चले कि बीते रविवार की साम मुडियार गांव निवासी विशाल सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह, विजय



सिंह उर्फ मंटू पुत्र स्वर्गीय अंगद सिंह मुडियार गांव स्थित बाबा कीनाराम अघोर पीठ पहुंचे। जहां किसी बात को लेकर उनके और मठ के मठाधीश धर्म रचित राम के बीच मारपीट होने लगी। इस दौरान मठ पर उपस्थित लोगों ने विशाल सिंह को मौके पर पकड़ लिया जबकि विजय सिंह उर्फ मंटू भाग निकला। बीच-बचाव के दौरान मठ पर मौजूद मुडियार गांव निवासी उपेंद्र सिंह को भी चोट लगी। हालांकि उस समय गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया, लेकिन उपेंद्र सिंह के घायल होने की सूचना जैसे ही उनके परिजनों को हुई वे आक्रोशित होकर नीरज सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह, रवि सिंह पुत्र पुष्कल सिंह, उपेंद्र सिंह से मठ में झगड़ा करने वाले सुरेंद्र सिंह के घर पहुंच गए। यहां पूछताछ के दौरान मामला बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। इस मारपीट में सुरेंद्र सिंह के सर पर गंभीर चोट लगी साथ ही उनका पुत्र अनुज भी घायल हो गया, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर पहुंचाया गया। हालत अत्यधिक खराब होने के कारण वहां से उन्हें बनारस रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान सोमवार की सुबह सुरेंद्र सिंह की मौत हो गई। इसी मामला में इन अभियुक्तों की पुलिस को तलाश थी. अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तेज बहादुर सिंह, कांस्टेबल गौरव सिंह व कांस्टेबल जयंत सिंह शामिल थे।

## मुख्यमंत्री को सौंपा पत्रक, निष्पक्ष जांच की मांग

प्रखर वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मिजार्मुराद थाना अंतर्गत ग्राम सभा ठटरा बीते दिनों पट्टा आवंटन मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है जिसमें ठटरा ग्राम निवासी गरीबों का कहना है कि पट्टा भूमिहीनों को ना करके पट्टा भूमिधर तथा संपत्ति वालों को किया गया है ग्राम सभा ठटरा के गरीबों का कहना है कि पट्टे का निष्पक्ष जांच कराया जाए तथा पात्रों को ही पटा दिया जाए इस के संदर्भ में ग्राम सभा ठटरा निवासी आनंद कुमार ने उप जिलाधिकारी, जिलाधिकारी व ,मुख्यमंत्री जी को पत्रक सौंपा हैं तथा निष्पक्ष जांच की मांग कि हैं ।

## भारत सरकार की अमृत योजना अन्तर्गत जी.आई.एस. प्लेटफार्म पर तैयार

प्रखर गाजीपुर। जिलाधिकारी /अध्यक्ष नियंत्रक प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र, गाजीपुर ने बताया है कि आवास एवं शहरी कार्य मन्त्रांलय, भारत सरकार की अमृत योजना अन्तर्गत जी.आई.एस. प्लेटफार्म पर तैयार की गयी । गाजीपुर महायोजना-2031 (प्रारूप) को नियंत्रक प्राधिकारी बोर्ड की बैठक दिनांक 21.04.2022 में स्वीकृति प्रदान की गयी है। उ0प्र0 (निर्माण कार्य विनियमन) निर्देश-10 क(3) में दिये गये प्राविधानों के आलोक में जन सामान्य/व्यक्ति/संस्था से दिनांक (25.04.2022 से 24.05.2022 तक) 30 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति/सुझाव डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर कार्यालय नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र गाजीपुर पर प्राप्त कराये जाने हेतु आमंत्रित किया जाता है। उक्त समय अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## जिलाधिकारी ने सभी से शांति, अमन-चैन व गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए त्यौहारों को मनाये जाने का किया अपील

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। केन्द्रीय पीस कमेटी की बैठक जिला पंचायत सभागार में आज दिन मंगलवार को सम्पन्न हुई। यह बैठक वर्तमान में पवित्र रमजान, ईद एवं 3 मई को पड़ने वाले अक्षय तृतीया के त्यौहार को सकुशल एंव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह की उपस्थित में जनपद के विभिन्न क्षेत्रो से आये विभिन्न धर्मो के धर्म गुरूओ एवं पीस कमेटी के पदाधिकारियों, प्रबुद्धजनों, स्वयसेवी संगठन के साथ सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी से जनपद में शांति, अमन- चैन व गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए त्यौहारों को मनाये जाने की अपील की। उन्होने कहा कि कोई भी त्यौहार शान्तिपूर्ण एंव सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाता है तो उसका आनन्द समाज के सभी लोगो को प्राप्त होता है। उन्होने उपस्थित लोगो से अपील किया कि चाहे वे कोई भी धर्मावलंबी हो, किसी भी धर्म को मानने वाला हो, उसे पूरी स्वतंत्रा है कि वे अपने-अपने मान्यताओ के अनुसार त्यौहार को मनाये, किन्तु ऐसा कोई भी काम न करे जिसकी वजह से किसी अन्य धर्मावलंबी को परेशानी हो। उन्होने अपील किया कि रमजान एंव ईद पर नमाज अदा करते समय इस बात का ध्यान रखा जाये कि भीड़ परिसर के बाहर न हो, जिससे सार्वजनिक रोड बन्द न हो और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिसपर उपस्थित लोगो ने अपनी-अपनी सहमति एवं खुशी व्यक्त की। बैठक में उन्होंने कहा कि कोई नई परंपरा की शुरूआत नहीं होगी। उच्चतम न्यायालय के जो निर्देश लाउडस्पीकर के संबंध में दिए गए हैं उनका पालन किया जाये।

## आईपीएलः चेन्नई को 11 रन से दी शिकस्त

# शिखर ने पंजाब को दिलाई चौथी जीत

**मुंबई (एजेंसी)।** मैन ऑफ द मैच सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की नाबाद 88 रन की विस्फोटक पारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल मुकाबले में सोमवार को 11 रन से पराजित कर अपनी चौथी जीत हासिल की। इस जीत के साथ पंजाब के 8 अंक हो गए हैं। पंजाब प्वाइंट्स टेबल में छठें पायदान पर पहुंच गई है।

पंजाब ने 20 ओवर में चार विकेट पर 187 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और चेन्नई के संघर्ष को छह विकेट पर 176 रन पर थाम लिया। चेन्नई को आखिरी ओवर में 27 रन की जरूरत थी। महेंद्र सिंह धोनी ने ऋषि धवन की पहली गेंद पर छक्का जरूर मारा लेकिन वह अपना करिश्नमा नहीं दोहरा सके और एक आसान कैच उछालकर आउट हो गए। धोनी का आउट होना था कि चेन्नई की उम्मीदें भी समाप्त हो गयीं।



### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| मयंक कै. शिवम बो. थीक्षना | 18 | 21 | 2/0 |
| शिखर धवन नाबाद | 88 | 59 | 9/2 |
| राजापक्षा कै. शिवम बो. ब्रावो | 42 | 32 | 2/2 |
| लिविंगस्टोन कै. चौधरी बो. ब्रावो | 19 | 07 | 1/2 |
| जॉनी बेयरस्टो रन आउट | 06 | 03 | 1/0 |

**अतिरिक्तः 14, कुलः** 20 ओवर में चार विकेट पर 187 रन **विकेट पतनः** 1-37, 2-147, 3-174, 4-187 **गेंदबाजीः** मुकेश चौधरी 4-0-36-0, महेश थीक्षाना 4-0-32-1, मिचेल सैंटनर 2-0-8-0 रवींद्र जडेजा 2-0-18-0, ड्वेन प्रिटोरियस 4-0-50-0, ड्वेन ब्रावो 4-0-42-2,

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| गायकवाड़ कै. मयंक बो. रबाडा | 30 | 27 | 4/0 |
| रॉबिन उथप्पा कै. ऋषि बो. संदीप | 01 | 07 | 0/0 |
| मिचेल सैंटनर बो. अर्शदीप | 09 | 15 | 1/0 |
| शिवम दुबे बो. ऋषि धवन | 08 | 07 | 1/0 |
| अंबाती रायुडू बो. रबाडा | 78 | 39 | 7/6 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 21 | 16 | 1/1 |
| धोनी कै. बेयरस्टो बो. ऋषि धवन | 12 | 08 | 1/1 |
| ड्वेन प्रिटोरियस नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्तः 16 कुलः** 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन **विकेट पतनः** 1-10, 2-30, 3-40, 4-89, 5-153, 6-168 **गेंदबाजीः** कैगिसो रबाडा 4-0-23-2, संदीप शर्मा 4-0-40-1, ऋषि धवन 3-0-39-2, अर्शदीप सिंह 4-0-23-1, राहुल चाहर 3-0-30-0, लिविंगस्टोन 1-0-12-0,

### आईपीएल 2022 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 07 | 06 | 01 | 12 | 0. 396 |
| हैदराबाद | 07 | 05 | 02 | 10 | 0.691 |
| राजस्थान | 07 | 05 | 02 | 10 | 0.432 |
| लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.334 |
| बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 10 | -0.472 |
| पंजाब | 08 | 04 | 04 | 08 | -0.419 |
| दिल्ली | 07 | 03 | 04 | 06 | 0.715 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.080 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.538 |
| मुंबई | 08 | 00 | 08 | 00 | -1.000 |

### शिखर और राजापक्षा के बीच हुई 90 रन की साझेदारी

शिखर ने पारी की शुरुआत की और अंत में नाबाद पवेलियन लौटे। शिखर ने 59 गेंदों पर नाबाद 88 रन और भानुका राजापक्षा 42 रन की पारी खेली। आईपीएल में यह पहली बार है जब पंजाब ने अपनी पारी में पांच से कम विकेट गंवाए हैं। शिखर और भानुका राजापक्षा ने दूसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की। इस दौरान पंजाब गेंदबाज ऋषि धवन ने चोट की सर्जरी के कारण मास्क लगाकर गेंदबाजी करते नजर आए। लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उथप्पा एक रन बनाकर आउट हो गए। चेन्नई के लिए अंबाती रायुडू ने 39 गेंदों पर 79 रनों की सर्वाधिक पारी खेली वहीं गायकवाड ने 30 रन का योगदान दिया। पंजाब के लिए ऋषि धवन और कगिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिए।

### चेन्नई के ऑलराउंडर मोईन अली चोटिल

पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के प्रमुख हरफनमौला मोईन अली अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनके टखने में चोट है और उनका स्कैन हुआ है। मोईन को शनिवार को ही यह चोट लगी थी। फ्रैंचाइजी को स्कैन के परिणाम का इंतजार है, जिसके बाद ही चोट की गंभीरता के बारे में कुछ कहा जा सकता है। हालांकि इतना स्पष्ट है कि वह आगे आने वाले कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि इस सप्ताह चेन्नई को सिर्फ दो ही मैच खेलने हैं। एक मई को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैदान पर उतरना है। मोईन का इस साल फॉर्म भी कुछ अच्छा नहीं रहा है। पांच मैचों में वह सिर्फ 87 रन ही बना पाए और गेंदबाजी में आठ ओवर करने के बाद भी उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इस दौरान उन्होंने 68 रन खर्च किए। चेन्नई इस सीजन लगातार अपने खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है। इससे पहले उनके दो प्रमुख तेज गेंदबाज दीपक चाहर और ऐडम मिल्न चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। सात मैचों में उनकी टीम दो ही मैच जीत पाई हैं और 10 टीमों में 9वें नंबर पर है।

### आज का मुकाबला

शाम. 7:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु **बनाम** राजस्थान रॉयल्स

# आईपीएल के बाद होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर रहेंगे प्रमुख भारतीय खिलाड़ी

### वर्कलोड को ध्यान में रखते हुए कप्तान रोहित शर्मा सहित अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को मिल सकता है आराम




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 के बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय घरेलू सीरीज में भारत के प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है। क्योंकि इसके बाद टीम का आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे पर जाना है। ऐसे में वर्कलोड को भी ध्यान में रखना होगा।

लेकिन कुछ खिलाड़ियों को कुछ मैच खेलने पड़ सकते हैं, क्योंकि कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म भी चिंता का विषय बनी हुई है। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनुसार, एक प्रभावी वर्कलोड मैनेजमेंट प्रोग्राम तैयार किया जा रहा है, ताकि कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली, केएल राहुल, विकेटकीपर ऋषभ पंत, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, स्पिनर रविंद्र जडेजा सहित सभी बड़े खिलाड़ियों के यूके के लिए रवाना होने से पहले पर्याप्त आराम दिया जा सके। हालांकि, कुछ खिलाड़ियों को कुछ मैच खेलने पड़ सकते हैं। बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, 9 से 19 जून के बीच पांच शहरों में पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाने हैं। जाहिर है, सभी खिलाड़ी सभी मैच नहीं खेलेंगे। कुछ को पूर्ण विश्राम दिया जा सकता है और कुछ को कुछ मैच खेलने पड़ सकते हैं। अगर इन खिलाड़ियों को व्यवस्थित ब्रेक नहीं दिया जाता है, तो इससे उन्हें ही नुकसान होगा, लेकिन जाहिर है कि ब्रेक की अवधि मुख्य कोच (राहुल द्रविड़) से बात करने के बाद चयनकर्ता तय करेंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि हार्दिक पांड्या, जिनकी प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी अभी कुछ ही समय पहले हुई है, आईपीएल के लंबे सत्र के बाद घर पर साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए चुने जाएंगे या सीधे आयरलैंड में टी20 सीरीज में मैदान में उतरेंगे।

### खिलाड़ियों को मिलेगी बायो बबल से राहत

क्रिकेटरों की मानसिक स्थिति को बेहतर रखने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैच की आगामी श्रृंखला से जैविक रूप से सुरक्षित माहौल (बायो बबल) का इस्तेमाल नहीं करने की पूरी संभावना है। कोविड-19 महामारी को देखते हुए बायो बबल क्रिकेटरों के जीवन का अहम हिस्सा बन गए थे और विदेशों तथा स्वदेश में लगभग सारी श्रृंखलाएं जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में हुई जिनमें कड़े नियमों को लागू किया गया। टी20 श्रृंखला के मुकाबले 9 से 19 जून के बीच दिल्ली, कटक, विशाखापट्टनम, राजकोट और बेंगलुरू में खेले जाने हैं। खिलाड़ियों और अधिकारियों की सुरक्षा को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग बायो बबल में खेली जा रही है। आईपीएल 29 मई को खत्म होगा और बीसीसीआई नहीं चाहता कि उसके खिलाड़ी लीग खत्म होने के बाद एक बार फिर जैविक रूप से सुरक्षित माहौल का हिस्सा बनें। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया,अगर सब कुछ सही रहा और चीजें अभी की तरह नियंत्रण में रहीं तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के दौरान जैविक रूप से सुरक्षित माहौल और कड़ा पृथकवास नहीं होगा।

# धीमे ओवर रेट के लिए राहुल पर दूसरी बार लगा जुर्माना

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2022 में मुंबई इंडियंस को रविवार को 36 रन से हराकर सीजन की अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। हालांकि इस जीत के बावजूद लखनऊ की टीम को तगड़ा झटका लगा है और उसके कप्तान केएल राहुल पर मैच में निर्धारित समय से कम ओवर फेंकने (स्लो ओवर रेट) को लेकर जुर्माना लगाया है। स्लो ओवर रेट को लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स का इस सीजन में यह दूसरा अपराध था। इसके लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल पर 24 लाख रुपए का जबकि प्लेइंग इलेवन में शामिल बाकी अन्य खिलाड़ियों पर छह-छह लाख रुपए या मैच फीस का 25 प्रतिशत, जोभी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है। इस सीजन में दूसरी बार राहुल पर जुर्माना लगने के बाद अब उन पर बैन होने का खतरा मंडराने लगा है। राहुल ने इस मैच में 103 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली थी। यदि तीसरी बार यही गलती हुई, तो कप्तान राहुल या टीम पर बड़ी कार्रवाई भी हो सकती है, जैसे कप्तान पर एक मैच का बैन भी लग सकता है। लखनऊ की टीम पर इससे पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ ही आईपीएल के 26वें मैच के बाद जुर्माना लगाया गया था।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में लक्ष्य और सिंधु पर होंगी सभी की निगाहें

### प्रणय ने चोट के कारण वापस लिया नाम



**मनीला।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधु और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पर मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में सभी की निगाहें होंगी। दोनों ही इस टूर्नामेंट से पहले अच्छे फॉर्म में हैं जिससे दोनों से उम्मीदें बढ़ी है। कोरोना महामारी के कारण यह टूर्नामेंट दो साल बाद खेला जा रहा है। वुहान में 2018 में कांस्य पदक जीतने वाले एच एस प्रणय के बाहर होने से भारत की उम्मीदों को थोड़ा झटका जरूर लगा है क्योंकि प्रणय अच्छे फॉर्म में थे।

उन्हें स्विस ओपन के दौरान चोट लगी थी जहां वह उपविजेता रहे। उनकी गैर मौजूदगी में आल इंग्लैंड रजत पदक विजेता सेन के पास अच्छा मौका होगा। अलमोड़ा के 20 वर्ष के सेन ने इंडिया ओपन सुपर 500 खिताब जीता जबकि जर्मन ओपन और आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में फाइनल तक पहुंचे। उन्होंने 2020 एशिया टीम चैम्पियनशिप में कांस्य जीता था जबकि 2018 और 2016 एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक हासिल किया था। उनका सामना पहले दौर में चीन के लि शि फेंग से होगा जो दो बार विश्व जूनियर चैम्पियनशिप स्वर्ण जीत चुके हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन और चौथी वरीयता प्राप्त सिंधु ने 2014 में गिमचियोन में कांस्य पदक जीता था। वह सैयद मोदी इंटरनेशनल और स्विस ओपन खिताब जीतकर यहां आई हैं। उनका सामना पहले दौर में चीनी ताइपै की पाइ यू पो से होगा। क्वॉर्टर फाइनल में पहुंचने पर उनकी टक्कर चीन की हि बिंग जियाओ से हो सकती है। ओलंपियन बी साइ प्रणीत पहले दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल का सामना पहले दौर में कोरिया की सिम युजिन से होगा। ट्रायल जीतकर इन तीनों टूर्नामेंटों के लिये टीम में जगह बनाने वाली आकर्षि कश्यप का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से होगा जबकि मालविका बंसोड़ की टक्कर सिंगापुर की यिओ जिया मिन से होगी। पुरूष युगल में दुनिया की सातवीं नंबर की जोड़ी सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना थाईलैंड के एपिलुक जी और नाचानोन तुलामोक से होगा। एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला का सामना चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान से होगा। महिला युगल में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा तथा गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जोली ने चोट के कारण नाम वापिस ले लिया है।

# वर्स्टापेन व थॉमसन को मिला लॉरेस पुरस्कार

**नई दिल्ली।** गत फॉर्मूला वन चैंपियन मैक्स वर्स्टापेन और जमैका की ओलंपिक फर्राटा चैंपियन इलेन थॉमसन हेराह ने 2022 लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में शीर्ष सम्मान हासिल किए। यह पुरस्कार खेल जगत में 2021 में प्रदर्शन के आधार पर दिए गए। यूरोपीय चैंपियनशिप जीतने वाली इटली की टीम को दूसरी बार साल की सर्वश्रेष्ठ लॉरेस टीम चुना गया।

लॉरेस विश्व खेल अकादमी ने शीर्ष खिलाड़ियों के बीच से रविवार रात वर्स्टापेन को साल का सर्वश्रेष्ठ विश्व पुरुष खिलाड़ी और इलेन थॉम्पसन को साल की सर्वश्रेष्ठ विश्व महिला खिलाड़ी चुना। कमबैक आफ द ईयर का पुरस्कार स्काई ब्राउन को जबकि दिव्यांग वर्ग में साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मार्सेल हग को मिला। टॉम ब्रेडी को जीवन पर्यंत उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया। साल के सर्वश्रेष्ठ एक्शन खिलाड़ी का पुरस्कार बेथानी श्राइवर के नाम रहा जबकि वेलेंटिनो रोसी को स्पोर्टिंग आइकन पुरस्कार मिला।




किशोरी टेनिस खिलाड़ी एम्मा रादूकानू को 18 साल की उम्र में अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के लिए लॉरेस ब्रेकथ्रू ऑफ द ईयर चुना गया। इस वर्ग में भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और गत ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी नामित थे।

### ब्राजील पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत ने जीते 28 पदक

**नई दिल्ली।** ब्राजील के साओ पाउलो में आयोजित छह दिवसीय पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 28 पदक अपने नाम किए, जिसमें भारतीय खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 6 रजत और 13 कांस्य पदक जीते।। बीडब्ल्यूएफ (विश्व बैडमिंटन महासंघ) पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय लेवल 2 की इस प्रतियोगिता का आयोजन दो साल के अंतराल के बाद हुआ। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी सुकांत कदम ने यहां एसएल4 वर्ग में रजत पदक जीता जबकि प्रमोद भगत ने दो कांस्य पदक अपने नाम किए। सुकांत कदम को फाइनल में हमवतन तरुण ढ़िल्लों के हाथों कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी प्रमोद भगत को भारत के ही नितेश ने करीबी मुकाबले में हराया। भारत की तरफ से नितेश कुमार, तरुण ढ़िल्लों, मनदीप कौर, ज्योति वर्मा, मनीषा रामदास ने अलग-अलग वर्गों में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इनके अलावा युगल और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में कुल चार स्वर्ण पदक मिले।

### राही सरनोबत ने महिला 25 मीटर टी4 ट्रायल जीता

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों की गत चैंपियन राही सरनोबत ने सोमवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में राष्ट्रीय चयन ट्रायल टी4 में महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का खिताब जीता। सरनोबत ने 26 हिट के साथ स्वर्ण पदक का मुकाबला जीता। हरियाणा की विभूति भाटिया ने 22 हिट के साथ रजत पदक जीता। कांस्य पदक पंजाब की रूबी तोमर के नाम रहा। पिस्टल स्पर्धा के राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में पांच और दिन प्रतियोगिताएं होनी हैं।

# मुंबई के हार से निराश रोहित शर्मा ने किया भावुक ट्वीट, कहा- मैं टीम से प्यार करता हूं...

मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2022 का सीजन अच्छा नहीं जा रहा है। 5 बार की आईपीएल चैंपियन रही मुंबई इंडियंस अब तक 8 मुकाबले हार चुकी है। यानी कि इस सीजन में मुंबई इंडियंस अब तक एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। इससे मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों में तो निराशा है ही साथ ही साथ कप्तान भी निराश हैं। आईपीएल की सबसे सफलतम टीमों में से एक मुंबई इंडियंस रविवार को खेले गए एक मुकाबले में लखनऊ से हार गई। मुंबई इंडियंस ने अपने शुरूआती 8 मुकाबले हारी हैं जो कि आईपीएल में एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी है। मुंबई इंडियंस की हार से खुद कप्तान रोहित शर्मा भी निराश हैं। अपनी निराशा को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक भावुक ट्वीट भी किया है। अपने ट्वीट में रोहित शर्मा ने लिखा कि हमने इस टूनार्मेंट में अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। लेकिन ऐसा होता रहता है। खेल की दुनिया में कई दिग्गजों ने इस तरह की परिस्थितियां देखी है और उससे बाहर निकले हैं। इसके साथ ही रोहित ने लिखा कि मैं अपनी टीम और इसके माहौल से काफी प्यार करता हूं। मैं हमारे शुभचिंतकों का भी शुक्रिया कहना चाहता हूं जिन्होंने हम पे विश्वास दिखाया और टीम के प्रति अटूट निष्ठा रखी है। रोहित के ट्वीट को मुंबई इंडियंस की ओर से भी साझा किया गया है। शर्मा आईपीएल के सबसे सफलतम कप्तानों में से भी एक हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई ने 5 बार आईपीएल का खिताब हासिल किया है। आईपीएल के इतिहास की दो सबसे सफल टीम मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए मौजूदा सत्र काफी मुश्किल रहा। चेन्नई की टीम हालांकि अब भी प्ले आफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई है। आईपीएल की बड़ी नीलामी में मुंबई ने हार्दिक पंड्या और कृणाल पंड्या को अपने साथ बरकरार नहीं रखा जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई थी। मुंबई ने कप्तान रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और कीरोन पोलार्ड को रिटेन किया था लेकिन ये उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए।

# अरुण नेहरूः जिन्हे इंदिरा गांधी राजनीति में लाईं, राजीव से मतभेद के बाद छोड़ दी थी कांग्रेस

भारत की राजनीति में गांधी नेहरू परिवार का दबदबा रहा है। गांधी-नेहरू परिवार का एक और सदस्य जिसका राजनीति में वर्चस्व देखने को मिला था, वह अरुण नेहरू थे। अरुण नेहरू गांधी-नेहरू परिवार के बेहद करीबी सदस्य थे। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में उन्हें देश के सबसे ताकतवर राजनीतिक हस्तियों में शामिल किया जाता था। इसी से अरुण नेहरू के राजनीतिक कद का अंदाजा भी लगाया जा सकता है। अरुण नेहरू पर्दे के पीछे रहकर काम करने वाले नेताओं में से थे। उनके फैसले कांग्रेस और उसकी सरकार के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण होते थे। अरुण नेहरू का जन्म 24 अप्रैल 1944 को लखनऊ में हुआ था। उनके पिता का नाम आनंद नेहरू था। उन्होंने लखनऊ के ही ला मार्टिनियर बॉयज कॉलेज, लखनऊ और लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की ।अरुण नेहरू की शादी 1967 में सुभद्रा से हुई थी।



जानकारों के मुताबिक अरुण नेहरू को राजनीति में इंदिरा गांधी लेकर आए थे। हालांकि इंदिरा गांधी को यह सलाह वीपी सिंह की ओर से दी गई थी। वीपी सिंह अरुण नेहरू से काफी प्रभावित थे। उस वक्त उत्तर प्रदेश की राजनीति में हेमंती नंदन बहुगुणा और वीपी सिंह के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। 1980 में इंदिरा गांधी दो जगह से चुनाव लड़ी थीं। एक था रायबरेली और दूसरा का आंध्र प्रदेश का मेड़क। इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद कांग्रेस की ओर से नए उम्मीदवारों की खोज शुरू हुई थी। बहुगुणा की ओर से इस सीट के लिए जगपत दुबे का नाम आगे किया गया था जबकि वीपी सिंह ने अरुण नेहरू का नाम सुझाया था। उस समय अरुण नेहरू एक कंपनी में कोलकाता में रहकर काम करते थे। चुनाव के समय वह रायबरेली जरूर आया करते थे।

इंदिरा गांधी के चचेरे भाई होने के कारण उनके पक्ष में फैसला गया। रायबरेली की सीट गांधी परिवार के लिए प्रतिष्ठा की सीट थी। ऐसे में अरुण नेहरू का नाम इस सीट से फाइनल हो गया। अरुण नेहरू ने यहां से जीत हासिल की। संजय गांधी के निधन के बाद इनका कद कांग्रेस में काफी बढ़ने लगा। व्यापारिक समुदाय में अरुण नेहरू की अच्छी पकड़ थी। पार्टी के लिए फंड जुटाने में उनकी भूमिका भी अहम हो जाती थी। 1981 में जब राजीव गांधी राजनीति में आएं तो अरुण नेहरू उनके प्रमुख सलाहकार बने। इंदिरा गांधी के रहते पीएम हाउस में अरुण नेहरू की तूती बोलती थी। जब तक इंदिरा गांधी रहीं, अरुण नेहरू उनके काफी भरोसेमंद रहे। उन्होंने रायबरेली से 1984 में भी चुनाव जीता।

कहते हैं कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वह अरुण नेहरू ही थे जिन्होंने राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव रखा था। राजीव गांधी की सरकार में अरुण नेहरू आंतरिक सुरक्षा मंत्री भी बने। इसके अलावा उन्हें ऊर्जा मंत्रालय की जिम्मेदारी भी दी गई। हालांकि इसी दौरान राजीव गांधी से उनके कई मतभेद हुए जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी और वीपी सिंह के साथ हो गए। वीपी सिंह ने उन्हें बिल्लौर से प्रत्याशी बनाया। बिल्हौर से वे चुनाव जीतने में कामयाब हुए। हालांकि धीरे-धीरे उनका कद घटने लगा। 1998-99 में अरुण नेहरू को भाजपा ने रायबरेली से उम्मीदवार बनाया। लेकिन वे चुनाव हार गए। अरुण नेहरू को भाजपा नेता अरुण जेटली का भी बेहद करीबी बताया जाता है। 25 जुलाई 2013 को अरुण नेहरू का गुड़गांव में निधन हो गया था।

# कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में किसानों को किया जागरूक




प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के अमिहित में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर मंगलवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे केंद्र के नवनिर्मित सभागार में आत्मा योजनांतर्गत कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में किसानों को खरीफ की फसल को वैज्ञानिक तरीके से करने के लिये जागरूक किया गया। कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किसानों के हित में चलायी जाने वाली योजनाओं के बारे में बिंदुवार किसान मेले में आये किसानों को बताया गया। पशुपालन, मत्स्य पालन करके किसानों की दशा व दिशा सुधारने के लिए वैज्ञानिक विधि और तकनकी को उपयोग करने जैसी बातों पर चर्चा किया गया। मृदा के लगातार दोहन से उसमें उपस्थित पौधे की बढ़वार के लिये आवश्यक तत्त्व नष्ट होते जा रहे हैं। इनकी क्षतिपूर्ति हेतु तथा मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को बनाये रखने के लिये हरी खाद एक उत्तम विकल्प है। बिना गले-सड़े हरे पौधे (दलहनी एवं अन्य फसलों अथवा उनके भाग) को जब मृदा की नाइट्रोजन या जीवांश की मात्रा बढ़ाने के लिये खेत में दबाया जाता है तो इस क्रिया को हरी खाद देना कहते हैं। हरी खाद के उपयोग से न सिर्फ नाइट्रोजन भूमि में उपलब्ध होता है बल्कि मृदा की भौतिक, रासायनिक एवं जैविक दशा में भी सुधार होता है। वातावरण तथा भूमि प्रदूषण की समस्या को समाप्त किया जा सकता है लागत घटने से किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होती है, भूमि में सूक्ष्म तत्वों की आपूर्ति होती है साथ ही मृदा की उर्वरा शक्ति भी बेहतर हो जाती है। दलहनी एवं गैर दलहनी फसलों को उनके वानस्पतिक वृद्धि काल में उपयुक्त समय पर मृदा उर्वरता एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए जुताई करके मिट्टी में अपघटन के लिए दबाना ही हरी खाद देना है। फसलें अपने जड़ ग्रन्थियों में उपस्थित सहजीवी जीवाणु द्वारा वातावरण में नाइट्रोजन का दोहन कर मिट्टी में स्थिर करती है। आश्रित पौधे के उपयोग के बाद जो नाइट्रोजन मिट्टी में शेष रह जाती है, उसे आगामी फसल द्वारा उपयोग में लायी जाती है। इसके अतिरिक्त दलहनी फसलें अपने विशेष गुणों जैसे भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाने प्रोटीन की प्रचुर मात्रा के कारण पोषकीय चारा उपलब्ध कराने तथा मृदा क्षरण के अवरोधक के रूप में विशेष स्थान रखती है। हरी खाद से मृदा में कार्बनिक पदार्थ की मात्रा से भौतिक दशा में सुधार होता है। नाइट्रोजन की वृद्धि हरी खाद के लिए प्रयोग की गई दलहनी फसलों की जड़ों में ग्रन्थियां होती है। जो नाइट्रोजन का स्थिरीकरण करती हैं। ढैंचा को हरी खाद के रूप में प्रयोग करने से प्रति हेक्टेयर 60 किग्रा० नाइट्रोजन की बचत होती है तथा मृदा के भौतिक रासायनिक तथा जैविक गुणों में वृद्धि होती है। सनई, ढैंचा,मूंग, उर्द, मोठ, ज्वार, लोबिया, बरसीम एवं सैंजी आदि फसलों की पैदावार कर भूमि की उर्वरा बढाई जा सकती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सरोजा देवी ने किसान मेले में आये महिला और पुरुष किसानों को सम्मानित करते हुए प्रमाण दिया। इस अवसर पर संध्या सिंह, पटक सहायक शरद पटेल, डॉ वीके सिंह, केपी सिंह, मनीष शर्मा, खण्ड तकनीकी प्रबन्धक महीप श्रीवास्तव, डॉ दिनेश कुमार, वरुण कुमार, प्रदीप, पशु चिकित्साधिकारी डॉ महेंद्र सिंह, समेत तमाम महिला पुरुष किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केन्द्र अध्यक्ष डॉ संजीत कुमार ने और संचालन डॉ विजय कुमार सिंह ने किया।

## हिन्दुओ के आस्था का हनन कर पादरी कर रहा मंदिर की जमीन पर कब्जा, पुलिस ने रुकवाया

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के अहिरौली गांव में स्थित भगवती माता मंदिर की जमीन पर दबंग क्रिश्चियन्स पादरी राम पलट द्वारा अवैध पक्का निर्माण जबरन किया जा रहा था और हिंदुओं के आस्था का हनन कर रहा है।जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया लेकिन निर्माण कार्य जारी रहा।दर्जनों ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत की तो पुलिस द्वारा निर्माण कार्य रुकवा दिया गया।दबंग जहां निर्माण कार्य कराने पर आमादा है वहीं ग्रामीणों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है।दबंग एक विशेष क्रिश्चियन्स धर्म का प्रचारक बताया जा रहा है।मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। अहिरौली गांव में चार दशक पूर्व निःसंतान चमेला देवी ने अपनी जमीन में भगवती माता के चौरा का निर्माण कराया था जहां गांव व आसपास के लोग पूजा अर्चना के लिए आते हैं।गांव में कोई भी शादी विवाह जैसा शुभ कार्य भगवती माता के पूजा के पश्चात ही शुरू होता है।मंदिर की जमीन पर पड़ोसी दबंगों द्वारा अवैध पक्का निर्माण कराया जा रहा है जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया लेकिन दबंग नहीं माने निर्माण कार्य जारी रहा।दर्जनों ग्रामीणों ने लिखित शिकायत पुलिस से की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने पुलिस बल भेज काम रुकवा दिया।लेकिन दबंग निर्माण कार्य कराने पर आमादा है जिससे मौके पर तनाव बना हुआ है।दबंग एक विशेष धर्म का प्रचारक बताया जा रहा है।

## समाजसेवी नेग्रामीणों के सहयोग से उठाया सफाई अभियान का बीड़ा

प्रखर चंदवक, जौनपुर। क्षेत्र के चर्चित वरिष्ठ समाजसेवी अजित सिंह ने पिछले दो सप्ताह से आस पास के सभी धार्मिक स्थलों को अपने सहयोगियों ग्रामीणों के साथ सुबह,शाम एक एक घंटे झाड़ू लगा कर सफाई अभियान का बीड़ा उठाया है।रविवार सुबह बोड़सर गाँव के हनुमान मंदिर से सफाई कर आगे बढे और क्षेत्र के अन्य समाजसेवियों से आग्रह किया कि अपने अपने क्षेत्र को झाड़ू लगा कर निःसंकोच इस अभियान को गति देने में सहयोग करें।इस अवसर पर रजत सिंह,मनीष,भोला,अमित सिंह,छोटू सिंह,राणाप्रताप,यस सिंह,रोहित बलवंशी,गीता देवी,शीला सहित अन्य लोग रहे।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी शुभम तोदी के सफल पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा के नेतृत्व मे धारा 379 आईपीसी बनाम अज्ञात का सफल अनावरण करते हुये घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त मोहित कश्यप उर्फ निशान गौड़ पुत्र रमेश कश्यप उर्फ धर्मेन्द्र गौड़ निवासी सूचितपुर को चोरी गयी बाइक स्पलेण्डर प्लस UP62AQ 4306 के साथ खड़हर डगरा रेलवे क्रासिंग के पास पूर्वान्ह लगभग करीब साढ़े सात बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार लम्बित मुकदमे में धारा 411आईपीसी की बढ़ोतरी करते हुये गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक सुनील यादव,हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव, संतोष कुमार, कांस्टेबल भूपेश कुमार,अजय कुमार शामिल रहे।



## सब्जी बेचकर जा रहे किसान की हाइवा से भिड़ने से हुई मौत

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के बाबतपुर-मंगारी मार्ग पर दल्लीपुर के समीप सब्जी बेचकर लौट रहे बाइक सवार किसान की हाइवा से भिड़ने से मौत हो गई। घटना सुबह 9 बजे की है। मौत के कई घण्टे बाद उसकी शिनाख्त हो पाई। थाना लोहता के गोपीपुर निवासी राजेश पटेल 45 वर्ष मंगलवार को पिंडरा सब्जी मंडी से बोरा सब्जी बेचकर बाइक से जा रहा था। दल्लीपुर गांव के समीप पहले से खड़े हाइवा में पीछे से जा भिड़ा, जिससे हेमलेट न पहनने से उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। जब तक पुलिस व आम लोग उसे हॉस्पिटल ले जाते उसकी रास्ते मे मौत हो गई। पुलिस को शिनाख़्त करने व परिजनों को दोपहर 2 बजे थाने पहुचने पर शव को पीएम के लिए भेजा।

## सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने जिला अस्पताल में बने डायलिसिस सेंटर का फीता काटकर की शुभारंभ

प्रखर संत कबीर नगर। सदर विधायक विधायक अंकुर राज तिवारी ने जिला अस्पताल में बने डायलिसिस सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने कहा कि अब किडनी की बीमारी से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। अब पीड़ित मरीजों को बाहर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा जिले में ही लोग मुफ्त में अपना डायलिसिस कराएंगे। डायलिसिस सेंटर का शुभारंभ करने के पश्चात खलीलाबाद सदर विधायक की मौजूदगी में सीएमओ डॉ इंद्र विजय विश्वकर्मा ने डायलिसिस प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि डायलिसिस यूनिट तैयार होना बहुत बड़ी बात है। इसका श्रेय सूबे के मुख्यमंत्री को जाता है। इसका संचालन प्रारंभ होने के बाद अब मरीजों को बाहर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। न ही उन्हें डायलिसिस के लिए 70 से 80 हजार रुपए चुकाने होंगे। जिले में ही होगा उनका डायलिसिस संबंधीत उपचार।



## कमर्शियल डायरेक्टर के मौजूदगी में चलाया गया मॉर्निंग रेड अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिजली विभाग द्वारा लगातार चलाये जा रहे मॉर्निंग रेड अभियान से पूरे नगर क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल देखने को मिल रहा है। लगभग रोज ही बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बिजली चोरी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही कर रहे है। इसी क्रम में डिस्कॉम वाराणसी से आये कमर्शियल डायरेक्टर ओपी दीक्षित ने शहर क्षेत्र के मोहल्ला लालदरवाजा, झुन्नू लाल चौराहा, महाजन टोली, तेलपुरा, कपूरपुर शहरी एवम उसके आस पास के क्षेत्र में अधीक्षण अभियंता सी.बी. सिंह एव अधिशासी अभियंता आदित्य पाण्डेय के नेतृत्व में मॉर्निंग रेड डाला, जिसमे शासन द्वारा विद्युत चोरी में पर अंकुश लगाने, लाइन लास कम करने हेतु अभियान चलाया गया। इस मॉर्निंग रेड के दौरान सीधे चोरी करते हुए 19 लोगो पर एवम मीटर से अलग केबल खीचकर 31 लोगों पर एव बकाया पर 24 उपभोक्ताओं के कटे केबिल को बिना भुगतान किए बगैर जोड़ने पर संबंधित धारा में त्रफ्रफ किया गया। मॉर्निंग रेड के दौरान उन्होंने मीडिया के माध्यम से बताया कि शहर उपकेंद्र से लगे अधिकतर फीडर पर लाइन लॉस बहुत अधिक है। अभी तक क्यो नही लाइन लॉस रोकी गयी एव क्यो बार बार ट्रांसफार्मर जल रहा है, क्या वजह है, किसकी लापरवाही है जो जांच का विषय है। इसकी भी जांच कराई जायगी। शासन द्वारा सख्त निर्देश है कि जिस जिस उपकेंद्र के फीडर पर लाइन लॉस ज्यादा है एव उस उपकेंद्र से निकले फीडर पर अधिक्तर ट्रांसफार्मर फुके जा रहे, जिसमे आम उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं, वैसे लापरवाह लोगो पर व वहाँ पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। आगे उन्होंने अपने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रतिदिन दिन और रात फील्ड में विभाग द्वारा रेड किया जाय एव ऐसे उपभोक्ताओं पर कठोर कार्यवाही की जाय जो कटिया लगाकर मीटर बाईपास करके बिजली चोरी कर रहे हैं एव जो लीगल उपभोक्ता है जो अपना समय से खपत के अनुसार बिल जमा कर रहे हैं, उन लोगो को भरपूर एव सुचारू रूप से विजली मुहैया कराई जा सके, इस पर विशेष ध्यान रहे। आज के इस चेकिंग टीम में मुख्य रूप से उपखंड अधिकारी शिवम राय, जे.ई. सहित समस्त विजली कर्मी मौजूद रहे।



## बीईओ ने तीन स्कूलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए दी तहरीर

प्रखर पिंडरा वाराणसी। शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत पिंडरा विकास खण्ड के तीन स्कूलों की मान्यता खत्म होने के बावजूद स्कूल चलते हुए मिलने पर बीईओ ने फूलपुर पुलिस को तहरीर दी। जिससे स्कूल संचालकों में खलबली मची हुई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) मंगरु राम मंगलवार को क्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों के जांच के लिए निकले। इस दौरान आदर्श सरस्वती ज्ञान मन्दिर फूलपुर, गीता पब्लिक स्कूल व एमजीएम इग्लिश स्कूल सुरही का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में शिक्षण कार्य होते मिला लेकिन अद्यतन मान्यता की कॉपी नही दिखा सके। बीईओ ने बताया कि फूलपुर तो बिना किसी मान्यता के चल रहा था और सुरही के दोनों स्कूल की अस्थाई मान्यता समाप्त हो चुकी है। ऐसे में बंद कराने व एफआईआर दर्ज कराने के लिए फूलपुर पुलिस को तहरीर दी गई। जिससे अब अस्थाई मान्यता के सहारे स्कूल चलाने वालों में हड़कंप मच गया है।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए वृजभूषण तिवारी

प्रखर मनिहारी (गाजीपुर)। पूर्व सांसद एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे बृजभूषण तिवारी को उनकी दसवीं पुण्यतिथि पर याद किया गया। सोमवार को क्षेत्र के सिद्धपीठ औढ़ारी मठ पर उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।

पूर्व मंत्री डा.रमाशंकर राजभर ने उनके जीवन संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. राम मनोहर लोहिया के चितन से प्रभावित बृजभूषण तिवारी अजीवन समाजवादी विचारधारा के लिए समर्पित रहे। उनके द्वारा किए गए संघर्षों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।पूर्व सांसद बृजभूषण तिवारी हमेशा अन्याय और शोषण का विरोध किए। छात्र जीवन में डॉ राममनोहर लोहिया के चितन से प्रभावित तिवारी आजीवन समाजवादी विचारधारा के लिए समर्पित रहे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव ने कहा कि आज के समाजवादी नेताओं को बृजभूषण तिवारी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह जीवन भर छात्र, युवा, किसान मजदूर और महिलाओं की लड़ाई लड़ते रहे। वे सत्ता और सुविधा के लिए कभी नहीं दौड़े। सपा नेता रामाश्रय सिंह चौहान ने बृजभूषण तिवारी के योगदान पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि वे चलते फिरते समाजवाद के स्कूल थे। वे कार्यकताओं की भावनाओं को समझते थे। तिवारी जितने सहज थे, उतना ही उन्हें समय, काल, वेद, पुराण, कुरान आदि का गहन अध्ययन था। उनकी राजनीति का केंद्र जन कल्याण था, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर गोरखनाथ राजभर,संजय यादव,रामकेर पहलवान,सुनील यादव,रबि प्रकाश शुक्ला,जगत नारायण पटेल, सवार्नंद राय, आदि उपस्थित रहे अध्यक्षता मोती सिंह यादव एवं संचालन गौरीशंकर पांडेय "सरस" ने किया।

# 28 करोड़ों की लागत से बघौली ब्लाक का होगा विकास

**विकास के लिए नहीं होगा धन की कोई कमी- अनिल त्रिपाठी, दुल्हन की तरह सजा रहा बघौली ब्लाक सभागार आकर्षण का रहा केंद्र, बघौली ब्लाक क्षेत्र का विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता- योगेंद्र प्रताप सिंह**

प्रखर सन्तकबीरनगर। बघौली ब्लाक सभागार में मगलवार को ब्लाक प्रमुख श्रीमती सरिता सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। इस दौरान पिछली करवाई के पुष्टि के बाद नये कार्यों का अनुमोदन कर क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 28 करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव पास किया गया।बैठक में मनरेगा,ग्रामपंचायत लघु सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य विभाग, वन विभाग आदि पर विकास के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया। जिसमें क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के विकास के लिए प्रस्ताव ध्वनि से पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मेहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होने पाएगी उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत मे अगर विकास के लिए धन की कमी पड़ी तो मैं स्वयं अपने निधि देने का काम करूंगा और विकास कराने में कोई कोर कसर नहीं छोडूंगा। ब्लाक प्रमुख श्रीमती सरिता सिंह ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों को साथ लेकर क्षेत्र का विकास किया जाएगा। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि विकासखंड बघौली का विकास कराना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने सभी ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अपने क्षेत्र में पेयजल, खेत तालाब, खेत समतलीकरण, सड़क निर्माण, खड़ंजा निर्माण के कार्यों में सहयोग कर उसके गुणवत्ता के बारे में जानकारी देते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी के वरिष्ठ नेता आनंद शंकर पाठक विनय सिंह मंडल अध्यक्ष मनीराम यादव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बालू शासन सत्य प्रकाश उर्फ पिंटू राय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उतरावल वीर बहादुर उर्फ भीम राय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कोल्हुआ लकडा शैलेंद्र कुमार, पवन कुमार यादव ,अखलाक अहमद, जिला पंचायत सदस्य हनुमान कनौजिया,सुशील सिंह, अर्जुन चौधरी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पंचराम गौतम समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



## अहरौरा क्षेत्र क्रशर प्लांट होने के बाद पहाड़ियों में छाया सियापा

प्रखर मिजार्पुर। अहरौरा थाना क्षेत्र के सोनपुर स्थित खनन क्षेत्र के संचालित हो रहे क्रशर प्लांटों पर छाया हुआ है । जहां आम दिनों में पहाड़ी मार्गों पर ट्रकों की लंबी लाइन लगी रहती थी वह अब चारों तरफ सन्नाटे जैसी माहौल है एवं सियापा छाया हुआ है। सप्ताह भर पूर्व ग्रामीणों एवं क्रेशर संचालकों के बीच धूल गर्दा को लेकर हुई झड़प के बाद डीएम के निर्देश पर उपजिलाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए दर्जन भर क्रशर प्लांटों को सीज कर दिया था, इसके बाद क्रेसर प्लांटों के पहिए रूक से गए थे इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में जहां क्रेशर प्लांट बंद है वहीं इससे जुड़े मजदूर व कमीशन पर गाड़ियों की लोडिंग कराने वाले सैकड़ों की संख्या में युवाओ समेत ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े लोग भी प्रभावित हुए हैं जिस वजह से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट भी उत्पन्न हो गया है बेरोजगार हुए मजदूर एवं खनन व्यवसाय से जुड़े लोगों ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि इस समस्या का निदान करते हुए मानक के अनुरूप क्रशर प्लांटों को चालू करने की अनुमति दी जाए जिससे इस समस्या से निजात मिल सके।



# संक्षिप्त खबरें

## धावक रेवि पाल ने 5 किलोमीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर सिल्वर मेडल जीती तथा 3 किलोमीटर स्टीपल चेस प्रथम स्थान प्राप्त कर जीती गोल्ड मेडल

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश चैंपियनशिप जो कि 21अप्रैल से 23 अप्रैल तक कौशांबी और लखनऊ जिले में आयोजित हुई थी इस चैंपियनशिप में बनारस के होनहार बच्चे फिर वीरवान कहलाए। धावक रेवि पाल ने 5 किलोमीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर सिल्वर मेडल जीती तथा 3 किलोमीटर स्टीपल चेस प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीती वहीं साथ-साथ वर्षा वर्मा ने जेवलिन थ्रो में तृतीय स्थान पर कांस्य पदक जीती और पूजा यादव ट्रिपल जंप में दूसरे स्थान पर सिल्वर मेडल जीतीधावक रेवि पाल ने 5 किलोमीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर सिल्वर मेडल जीती तथा 3 किलोमीटर स्टीपल चेस प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीती वहीं साथ-साथ वर्षा वर्मा ने जेवलिन थ्रो में तृतीय स्थान पर कांस्य पदक जीती और पूजा यादव ट्रिपल जंप में दूसरे स्थान पर सिल्वर मेडल जीती एवं अंकुश राज 3 किलोमीटर स्टीपल चेस दौड़ में तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक जीते ये सभी बच्चे भारतीय खेल प्राधिकरण बी.एच.यू.वाराणसी की है ये कोच श्री संजीव श्रीवास्तव के देखरेख में अपनी ट्रेनिंग कर रहे हैं श्री संजीव श्रीवास्तव अपने पूरे लगन से बच्चों को ट्रेनिंग देने में लगे हुए हैं। इन बच्चों को सम्मानित व उत्साह वर्धन करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण के बॉक्सिंग कोच नरेंद्र बिष्ट व बॉक्सिंग कोच पूजा यादव तथा प्रवीण सिंह।

## विद्युत कैंप के माध्यम से होगा समाधान आशीष जायसवाल ने व्यापारियों से दुकान खोलने की अपील

प्रखर महराजगंज। जनपद महराजगंज स्थित नगर पंचायत बृजमनगंज मे आज दूसरी बार बिजलेंस आधिकारियों के आने के डर से काफी ब्यापारियों ने सुबह से ही अपनी दुकानें बंद रखी।बिजली विभाग के आधिकारियों के आने की सूचना मिलते ही उ.प्र.उधोग ब्यापार मंडल के विधानसभा अध्यक्ष ने व्यापारियों की समस्याओं को अवगत कराते हुए गोपाल सिंह जी से वार्ता की और कहा कि कानपुर के माध्यम से व्यापारियों की समस्या का समाधान कराएं।तदुपरांत आशीष जायसवाल संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की जिस पर उन्होंने सहमति जताते हुए दिनांक 27/04/2022 को पावर हाउस पर कैंप लगाकर बिजली बिल समाधान की बात की।ब्यापार मंडल विधानसभा अध्यक्ष आशीष जायसवाल,जगदम्बा जायसवाल, राजू जायसवाल, गणेश जायसवाल ने कस्बे में भ्रमण कर लोगों से दुकान खोलने की अपील की और कहा कि जिन लोगों का बिजली का बिल बकाया हो जिनका कमर्शियल नहीं है जिनका ओवरलोड बिजली हो वह सभी बुधवार को बृजमनगंज पावर हाउस पर जाकर अपना बिल दुरुस्त करा ले।

## मनरेगा के पक्के काम का पैसा अगर नहीं आया तो 5 मई को वाराणसी जिले के प्रधान करेंगे आंदोलन मनरेगा के कार्य का बहिष्कार - राकेश कुमार सिंह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मनरेगा में श्रमिकों का पैसा व पक्के काम का पैसा समय से न आने को लेकर ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने आठों ब्लाक के प्रधानों संग सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कचहरी स्थित विकास भवन जहां राकेश सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी को सौंपा ज्ञापन और समस्याओं से अवगत कराया मुख्य विकास अधिकारी ने 7 दिन में काम पूरा करने का ग्राम प्रधान संघ को दिया आश्वासन ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने बताया की वाराणसी जनपद के आठो ब्लॉक के समस्त प्रधान बहुत दिनों से काफी परेशान है मनरेगा जैसे योजना में श्रमिक काम किए हैं व पक्का काम गांव सभा में हुआ है उसका कई महीनों से पेमेंट नहीं आ रहा है जिससे प्रधान के घर पर श्रमिक आकर सुबह शाम धरना दे रहे हैं पक्के काम के हुए मटेरियल का पैसा दुकानदारों को न मिलने से उनके द्वारा प्रधान को अनाप-शनाप बोला जा रहा है कृपया भुगतान समय से कराने का कष्ट करें

## चैंपियनशिप में बनारस के होनहार बच्चे फिर वीरवान कहलाए

प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेश चैंपियनशिप जोकि 21 अप्रैल से 23 अप्रैल तक कौशांबी और लखनऊ जिले में आयोजित हुई थी इस चैंपियनशिप में बनारस के होनहार बच्चे फिर वीरवान कहलाए।धावक रेवि पाल ने 5 किलोमीटर दौड़ में दूसरे स्थान पर सिल्वर मेडल जीती तथा 3 किलोमीटर स्टीपल चेस प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीती वहीं साथ-साथ वर्षा वर्मा ने जेवलिन थ्रो में तृतीय स्थान पर कांस्य पदक जीती और पूजा यादव ट्रिपल जंप में दूसरे स्थान पर सिल्वर मेडल जीती एवं अंकुश राज 3 किलोमीटर स्टीपल चेस दौड़ में तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक जीते ये सभी बच्चे भारतीय खेल प्राधिकरण बी. एच.यू.वाराणसी की है ये कोच श्री संजीव श्रीवास्तव के देखरेख में अपनी ट्रेनिंग कर रहे हैं श्री संजीव श्रीवास्तव अपने पूरे लगन से बच्चों को ट्रेनिंग देने में लगे हुए हैं।इन बच्चों को सम्मानित व उत्साह वर्धन करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण के बॉक्सिंग कोच नरेंद्र बिष्ट व बॉक्सिंग कोच पूजा यादव तथा प्रवीण सिंह।



## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने डॉ. दयाशंकर मिश्र (दयालु) का किया स्वागत

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग की ओर से रविवार को राज्य मंत्री डॉक्टर दयाशंकर मिश्र (दयालु) का स्वागत एवंअभिनंदन समारोह महमूरगंज में किया गया। जिलाध्यक्ष शशांक पाण्डे ने राज्यमंत्री से शिक्षकों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था से आच्छादित करने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से मेमोरेंडम जारी करवाने के लिए सीएम से वार्ता करने की अपील की ।इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मुंगवार की शिक्षिका ममता पटेल (जिला संयुक्त मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी) के द्वारा राज्य मंत्री के जीवन पर आधारित स्वरचित कविता का मोमेंटो भेंट किया गया एवं उनके जीवन पर आधारित कविता को प्रस्तुत किया गया। अपना जीवन वृतांत कविता रूप में सुनकर राज्य मंत्री काफी प्रभावित हुए।इस अवसर पर स्वागत सम्मान समारोह में जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डे, जिला महामंत्री आनंद सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति प्रकाश, डॉक्टर रमा रूखैयार ,आशा पाठक, दीपिका सिंह ,सत्य प्रकाश पाल ,डॉक्टर दिनेश चंद्र सिंह, गोपेश यादव , राजेंद्र सिंह, आशा पाठक ,आशा विश्वकर्मा ,संजीव त्रिपाठी, प्रशांत मोहनगिरी, सुधारानी, अरविंद द्विवेदी, आशुतोष, रितु ओबरॉय , अनिल तिवारी ,धीरेंद्र ,ममता पटेल ,कुंवर भगत सिंह, सुरेखा गुप्ता, प्रीति सिंह, सुनीता चतुर्वेदी,जया श्रीवास्तव ,संजय पाठक, रेणु अग्रवाल,रेखा सिंह, मीना, संजय गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



# राजराव हत्याकांड का हुआ पदार्फाश : दोस्त ही निकला कातिल, प्रेम प्रसंग बना हत्या का कारण

## हत्या में प्रयुक्त मोटसाइकिल, ब्लूटूथ, खून से सना ईंट, एवं एक नाबालिग सह अभियुक्त भी गिरफ्तार

प्रखर शाहगंज जौनपुर। कच्ची उम्र में प्यार सेक्स और धोखा ऐसी कहानियां आजकल अक्सर दिखाई और सुनाई पड़ जाती है।ऊपर से शोसल साइट वाला प्यार कभी कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। जिसकी कीमत किसी को जान देकर किसी को जान लेकर चुकानी पड़ जाती है। कुछ ऐसा ही मामला राजराव हत्याकांड का पदार्फाश होने के बाद ऐसी कहानी सामने आई जिसमे एक नवयुवक को बहुत ही बेरहमी से ईंट से कूँच कर हत्या की जाती है। बीते शनिवार को नगर के पक्का पोखरा स्थित रेलवे फाटक के आगे रेलवे लाइन के किनारे एक गड्ढे में झाड़ियों में एक युवक की लाश पाई गई ।सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त नगर के अम्बेडकर नगर भादी मुहल्ला निवासी 21 वर्षीय राजराव पुत्र गौतम राव के रूप में हुई।ततपश्चात पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।हालांकि उसी दिन रात में लगभग नौ बजे मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों ने पुलिस पर बिना सूचना पोस्टमार्टम



भेजने का आरोप लगाते हुए नगर के जेसीज चौक पर जाम लगा दिया था।मौके पर पहुंचे सीओ अंकित कुमार के काफी समझाने बुझाने के बाद जाम समाप्त हुआ था। घटना के दूसरे दिन रविवार को जिला मुख्यालय से डॉग स्कॉयड एवं फोरेन्सिक टीम के साथ सीओ अंकित कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर बहुत बारीकी से मुआयना किया जिसमें खोजी कुत्ते ने अहम भूमिका निभाते हुए कई सुराग इकट्ठा किये जिसमे खून से सना ईंट, मोबाइल ब्लूटूथ आदि बरामद हुआ था।पुलिस प्रेम प्रसंग में हुई हत्या मानकर जांच को आगे बढ़ा रही थी।जिसमे पुलिस के पास ये कहानी सामने आई। मृतक राजराव का नगर के पक्का पोखरा निवासी 20 वर्षीय अभिषेक शर्मा पुत्र गुलाब शर्मा से दोस्ती थी। अभिषेक अम्बाला में काम करता था और राजराव दिल्ली में काम करता था। अभिषेक का अम्बाला में फेसबुक के जरिये वही के एक ब्यूटीपार्लर में काम करने वाली लड़की से प्रेम हो गया।और अभिषेक के जरिये से ही राजराव का भी उक्त युवती से जान पहचान हो गयी और उन दोनों का भी फोन और फेसबुक से बातचीत होने लगी।पुलिस के अनुसार अभिषेक की प्रेमिका को राजराव किसी न किसी तरीके से परेशान करने लगा जिससे आजिज आकर एक दिन उस लड़की ने जहर खा लिया था।मगर किसी तरह उसकी जान बच गयी।और लड़की पूरी बात अभिषेक को बताई तो अभिषेक का इस बात को लेकर राजराव से कहा सुनी हो गयी। उसके कुछ दिनों बाद यानी बीते शनिवार को ग्राम सुरिस में अभिषेक के एक मित्र के मामा की शादी थी जिसमे अभिषेक अम्बाला से शादी में शामिल होने आया और राजराव भी उक्त शादी में आया।जयमाल के बाद अभिषेक ने अपने मित्र सुमित की मोटरसाइकिल लेकर अपने एक मित्र विशाल को लेकर बाहर निकला वहीं पर एक चारपाई पर राजराव बैठा मिला।अभिषेक ने राज राव से कहा कि चलो सिगरेट पीकर आते हैं, इस पर राज राव ने कहा मैने शराब ज्यादा पी लिया है मुझे सुमित के घर छोड दो मैं सोऊंगा इस पर मैं राज राव व अपने दोस्त के साथ मो0सा0 से पक्का पोखरा होते हुए रेलवे पटरी के किनारे खाली स्थान पर ले गया तथा मो0सा0 से उतार कर उपरोक्त प्रकरण के संबंध में बात करने लगा राज राव नशे में था, जिससे कहा सुनी हो गयी, मैं उसे हाथ से मारने लगा तथा उसे गिरा कर उसके हाथ को अपने पैरों से दबा कर वहीं पडे ईंट से उसके सिर पर कई बार वार कर मार दिया, तथा उसके मर जाने के उपरान्त अपने मित्र के सहयोग से राज राव के शव को रेलवे पटरी के किनारे नाले में शव डाल दिये तथा खून लगे स्थान पर मिट्टी डाल कर मैं अपने मित्र के साथ घर गया और अपना खून लगा कपडा बदलकर धो दिया व दूसरा अपना कपडा पहनकर पुनः जाकर शादी में शामिल हो गया, ताकि किसी को शक न हो।

## मैं खुद लड़ने को तैयार निर्णय पार्टी के ऊपर लड़ने से पीछे नही हटूंगा - राजपूत शशिप्रताप सिंह



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुभासपा प्रदेश प्रवक्ता शशिप्रताप सिंह ने अपने आवास भरलाई शिवपुर वाराणसी में पत्रकारो से बात करते हुऐ बताया कि सुभासपा और सपा का गठबंधन अटूट है शशिप्रताप सिंह ने कहा कि 2024 में लोकसभा साथ मिलकर लड़ेंगे सुभासपा एक दर्जन सीटों पर तैयारी कर रही है। चंदौली लोकसभा की 5 में से 2 विधानसभा सीट अजगरा में और शिवपुर में सुभासपा को अच्छा प्रदर्शन रहा है, सकलडीहा सपा जीती है मुगलसराय और सैयदराजा में सम्मान जनक वोट मिला है। प्रवक्ता शशिप्रताप ने बताया कि सुभासपा सपा भागीदारी पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल प्रसपा,अपना दल क0 पार्टी आपसी सहमति से करेंगे विचार` हमारा मुद्दा जो विधानसभा मे रहा हम उसी मुद्दे पर लड़ेंगे गठबंधन लोकसभा की 80 सीटो पर उतारेगी प्रत्याशी यूपी में।

# कमिश्नर की जांच समिति ने वाराणसी सिंचाई विभाग के अधिकारी को पाया दोषी

प्रखर वाराणसी। एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर द्वारा उप राजस्व अधिकारी, नलकूप प्रखंड, वाराणसी, सिंचाई विभाग अखिलेश कुमार सिंह के खिलाफ लोकायुक्त

**लोकायुक्त को की शिकायत कमिश्नर जाँच में सही पाई गई**

के समक्ष दिया गया परिवाद जाँच में सही पाया गया है। बतादे कि अपने परिवाद में नूतन ने तमाम बिन्दुओं पर साक्ष्य सहित आरोप लगाये थे। इस पर उप लोकायुक्त, उत्तर प्रदेश ने कमिश्नर वाराणसी को तीन सदस्यीय समिति से जाँच कराने के आदेश दिया था। जिसपर कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने एडीएम सिटी गुलाब चन्द्र, एसपी ग्रामीण नीरज पाण्डेय व एसपीओ-द्वितीय बृजेश मिश्रा की समिति से जाँच करायी। जाँच समिति ने अपनी जाँच में आरोपी अधिकारी के सींच पर्यवेक्षक पद पर नियुक्ति में




अनियमिताएं पायीं, किन्तु कहा कि इसमें अंतिम निर्णय शासन स्तर पर लिया गया है। बतादे कि जाँच समिति ने वित्तीय अनियमितता, फर्जी बिल भुगतान प्राप्त करने, नियमविरुद्ध वित्तीय लाभ प्राप्त करने के आरोपों को सही पाया और इस पर कार्यवाही की संस्तुति की है। साथ ही समिति ने सेवा पुस्तिका में भ्रामक व त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों से अनुचित वित्तीय लाभ पाने के आरोप को भी सही पाया और इसके सापेक्ष वसूली की संस्तुति करते हुए नियमों को ताक पर रख कर उनका भुगतान करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की संस्तुति की गई हैं। इसके अलावा वरुणापुरम सिंचाई कॉलोनी सिगरा वाराणसी की कहानी और भी बड़ी है, यहां पर अगर जांच की जाए तो हर विभाग में करोड़ों का घोटाला खुलकर सामने आएगा। यहां के अधिकारी अपनी मनमानी से घोटाले करते हैं और उसे छुपा लेते हैं। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सिंचाई विभाग घोटाले के लिए ही बना है, काम कम और घोटाले ज्यादा करता हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्र आकुशपुर द्वारा जमानियां में कृषि मेले का आयोजन

प्रखर गाजीपुर। भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय दिल्ली द्वारा वित्त पोषित द्वारा वित्त पोषित आजादी का अमृत महोत्सव किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र आकुशपुर गाजीपुर द्वारा ब्लाक जमनिया में किसान मेले का आयोजन किया गया किसान मेले का उद्घाटन श्री शिव शंकर राय वरिष्ठ भाजपा नेता जमनिया द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सच्चिदानंद प्रसाद ग्राम प्रधान नरिया व ने किया मेले में डॉ आर सी वर्मा कृषि की आधुनिकतम तकनीकों प्राकृतिक खेती करने के साथ साथ मधुमक्खी पालन मशरूम उत्पादन आदि के लिए कृषको से आह्वान किया केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य डॉ जे पी सिंह ने फसल प्रणाली एवं मो टे आ नाज की खेती करने के लिए एवं फसल उत्पादन की नई



तकनीकी की जानकारी किसानों को दी मेले में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन डॉक्टर ए के सिंह ने खेती के साथ-साथ डेयरी व्यवसाय मुर्गी पालन बकरी पालन एवं मछली पालन कर किसानों को और बढ़ाने के लिए तकनीकी बताई। मेले में उप जिला कृषि अधिकारी सचिन मिश्रा रिलायंस फाउंडेशन के राहुल वर्मा भी उपस्थित रहे मेले में प्रोग्रेसिव किसानों को सम्मानित भी किया गया जो कि विशिष्ट खेती कर रहे हैं सब्जी उत्पादन में बोधन खान लौकी की खेती 11 पौधों से रुपया 65000 की आय प्राप्त किए छन्नू उमर गंज टमाटर की अच्छी खेती के लिए, रामपुर फूलों की खेती के लिए, देवेंद्र प्रताप सिंह जैविक खेती, राजकुमार परवल, मुन्ना मछली पालन, चिंता देवी स्वय सहायता समूह पूनम सिंह सरोज देवी राधिका देवी उर्मिला देवी को भी सम्मानित किया गया।

# महराजगंज जिले मे लम्बे समय से एक ही स्थान पर तैनात 27 फार्मासिस्ट का हुआ तबादला

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज मे कई वर्षों के बाद स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लम्बे समय से एक ही स्थान पर तैनात 27 फार्मासिस्ट का तबादला कर एक स्थान से दूसरे स्थान स्थानांतरित किया गया इस क्रम में 1 फार्मासिस्ट इम्तेयाज अहमद खान नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र कृतपिपरा से नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र बागापार 2 श्री प्रदीप कुमार नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र बागापार से नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र कृतपिपरा 3 राजेश अग्रहरी फार्मासिस्ट नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र चौक बाजार से नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र कोडहलवल बागापार नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र कृतपिपरा नया प्रा ० स्वाकेन्द्र कोहडवल नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र बजही 4 श्री रमेश चन्द्र गुप्ता फार्मासिस्ट नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र कोहडवल से नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र चौक बाजार 5 श्री उमेश चन्द्र गुप्ता फार्मासिस्ट सामु स्वा ० कन्द्र निचलौल से नया प्रा.स्वा.केन्द्र बजही 6 महेन्द्र सिंह नया प्रा.स्वा.केन्द्र बजही से सामु ० स्वा ० केन्द्र निचलौल 7 मुकेश गुप्ता सामु ० स्वा ० केन्द्र सिसर्वा से नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र बन्दी 8 रमेश यादव नया प्रा ० स्वा ० केन्द्र बंदी से सामु ० स्वा ० केन्द्र सिसवां 9 विनोद कुमार सिंह फार्मासिस्ट सामु ऽस्वा ० केन्द्र गोपाला ( सम्बद्ध सामु ० स्वा ० केन्द्र परतावल ) ( सम्बद्ध महायोगी गुरु गोरखनाथ + सामु ० स्वा ० केन्द्र चौक बाजार ) 10 सत्य प्रकाश मिश्रा सामु० स्वा ० केन्द्र धानी से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बृजमनगंज 11 प्रदीप कुमार त्रिपाठी सामु.स्वा.केन्द्र धानी से नया प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र नौसागर 12 वेद प्रकाश अग्रहरी नया प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र नौसागर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धानी 13 राजेश पाण्डेय फार्मासिस्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बृजमनगंज से सामु. स्वास्थ्य केन्द्र धानी 14 जगदीश चन्द्र द्विवेदी सामु ० स्वाकेन्द्र धुघुली से प्रा ० स्वाकेन्द्र धुघुली 15 बलराम कृष्ण साहनी प्रा ० स्वाकेन्द्र धुघुली से सामु ० स्वाकेन्द्र धुघुली16 हरिशंकर तिवारी सामु ० स्वा ० केन्द्र लक्ष्मीपुर से नया प्रा.स्वास्थ्य केंद्र बरगदवा 17 सुदामा यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मीपुर से नया प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र अड्डा बाजार 18अवधेश कुमार राय नया प्रा ० स्वा केन्द्र जंगल गुलरिहा से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मीपुर 19 आदित्य नारायण नया प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र अड्डा बाजार से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लक्ष्मीपुर 20 सुनील कुमार उपाध्याय प्रा.स्वा.केन्द्र पनियरा से नया प्रा.स्वा.केंद्र बभनौली 21 उमेश कुमार राय बभनौली से पनियरा 22 अब्दुल कयूम लक्ष्मीपुर से मिठौरा 23 अभय कुमार श्रीवास्तव बरगदवा से धौरहरा 24 दिलीप कुमार अग्रहरी धौरहरा से लक्ष्मीपुर 25 हरिश्चंद्र प्रसाद आधुनिक चीरधर से जंगल गुलरिहा 26 अरुण कुमार चतुर्वेदी फरेंदा से लोकविधापीठ नगर 27 अनिल कुमार गुप्ता लोकविधापीठ से फरेंदा नवीन तैनाती की गई।

# पुलिस ने निभाया भाई का फर्ज : सीओ अनिरुद्ध सिंह

प्रखर चंदौली। जिले के सकलडीहा क्षेत्र आवाजापुर गांव के शहीद कैप्टन विजय सिंह महाविद्यालय में एक ऐतिहासिक शादी का आयोजन किया गया। एक लड़की की शादी का जिम्मा पुलिस अधिकारियों ने हाथ में लिया तो अपनी मुंहबोली बहन के लिए वह सबकुछ करते नजर आए, जो एक भाई करता है। पुलिस वाले भैया वर्दी में ही बहन की डोली थामे बहन को विवाह मंडप तक लेकर जाते दिखे। वहीं, पुलिस



वाली बहनों ने भी अपनी इस बहन की शादी में बधाई देती नजर आई।भाई का फर्ज निभाने आए ये सीओ अनिरुद्ध सिंह अपनी बहन के साथ फूलों की चादर लेकर स्टेज तक गए। जिसमें पुलिस मेजबान के रूप में हाथ जोड़कर बरात का स्वागत करती रही।सकलडीहा सीओ अनिरुद्ध सिंह ने ईंट भट्टे पर काम करने वाले करीब विनोद यादव की पुत्री की शादी ऐतिहासिक तरीके से संपन्न करा रहे हैं। आवाजापुर गांव के समाजसेवी दुर्गेश सिंह की पहल पर विनोद यादव की पुत्री की शादी बरठी गांव के अवधेश यादव के लड़के से तय हुई थी,जो आज संपन्न हो राही है। खान-पान से लेकर सादी की सभी व्यवस्था सीओ सकलडीहा के निर्देशन में पुलिस द्वारा किया गया है। पुलिस वर्दी में सर पर साफा बांधकर माला लिए हुए आने वाले सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आए हुए आव भगत करती रही।पुलिस की यह पहल जहां जनता के बीच की नजदीकियां अपराध को कम करते हुए सहयोग की भावना को विकसित करेगा वहीं गरीबों के सपने को भी सरकार करने जैसे कार्य कर रही है। आपको बता दें कि सकलडीहा इलाके की इस चर्चित शादी में चंदौली जिले के पुलिस कप्तान अंकुर अग्रवाल के साथ सैयदराजा विधायक सुशील सिंह भी वर वधू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे थे। इसके अलावा कई अन्य सामाजिक कार्यकताओं और समाजसेवियों ने भी इस शादी में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया और इस शादी को सफल बनाने के लिए आर्थिक रूप से मदद भी की।

# खेसारी लाल यादव और अखिलेश कश्यप का नया गाना "हरदी लागे जान के" पटना में भव्य पार्टी रिलीज

प्रखर पूर्वान्चल पटना। खेसारी लाल यादव के खास चर्चित भोजपुरी गीतकार अखिलेश कश्यप की कंपनी का नया वीडियो गाना "हरदी लागे जान के" अन्नपूर्णा फिल्म्स से आज पटना के एक पांच सितारा होटल पानाचे में भव्य पार्टी में लॉन्चिंग की गई । इस औसर पर खेसारी लाल यादव,सौम्या, खरेल,अखिलेश कश्यप ,संजय भूषण पटियाला उपस्थित थे। भोजपुरी सुपर स्टार खेसारी लाल यादव ने बताया की ऐसे तो मेरे कई गाने हर महीने रिलीज होते है पर ये गाना "हरदी लागे जान के" कुछ खास है मेरे लिए क्योंकि आज कल शादी विवाह यानी लगनका माहौल चल रहा है। नेपाल की रहने वाली शादी शुदा अभिनेत्री सौम्या पोखरेल मेरे साथ इस वीडियो में नजर आएगी वो बहुत प्यारी है और मुझे वो भाई मानती है। मुझे जितना आप लोग प्यार करते है उतना सौम्या पोखर को भी दीजिये की एक दिन में सब का इतिहास ब्रेक जाये इस गाने से मै दिल से



सब को प्रणाम करता हु` इस औसर पर वीडियो गाने की अभिनेत्री सौम्या पोखरेल ने बताया की प्रणाम सब केहू के करतानी वैसे तो हम बहुत छोट बानी सब से और अईसही ही खेसारी जी के हम भगवन ना कहे नी जो आप लोग देख चुके है जो वादा खेसारी जी ने किया था वो आज पूरा कर दिए है। खेसारी जी का मन और दिल इतना बड़ा है की मुझे जानते तक नही थे की मै कोण हु कहा से आई हु उस को खीरी जी ने ब्रेक दिया। बहुत से लोग बोलते है हम हई कर देनी हम हउ कर देनी बहुत से लोग खेसारी के बारे में बोले की सिर्फ खेसारी लाल बोलते हैं पर उस को पूरा नही करते हैं आज हम देख लेनी की जो खेसारी बोलते हैं उस को तो वो पूरा भी करते हैं पर मुझे पूरा विस्वास था की खेसारी अपना वादा जरूर पूरा करेंगे और आज अपना वादा पूरा कर-के मुझे चकित कर दिए मै बहुत खुस हु खेसारी जी के सब के आशीर्वाद से मुझे आज भोजपुरी गाने में खेसारी जी के साथ काम करने का मौका मिला मुझे दिन से सब को धन्यवाद करती हुँ` स्टारकास्ट खेसारी लाल यादव सौम्य पोखरेल निमार्ता अन्नपूर्णा फिल्म्स ,गीत अखिलेश कश्यप ,संगीत राज गाजीपुरी ,गायक खेसारी लाल यादव ,कंपोजर शुभम तिवारी ,वीडियो निर्देशक आर्यन देव ,डिजाइनर दीपू सिंह और प्रचारक संजय भूषण पटियाला हैं।

# खेवराजपुर का नृशंस हत्याकांड मानव समाज पर कलंक है : शालिनी यादव

प्रखर प्रयागराज (खेवराजपुर)। एक ही घर के बेगुनाह परिवार के सो रहे लोगों की बर्बरतापूर्वक निर्मम हत्या मानव समाज को कलंकित करने वाली घटना है। उक्त कथन वाराणसी की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती शालिनी यादव ने आज खेवराजपुर गांव में पीड़ित परिजनों से मिलने के दौरान कही उन्होंने कहा कि सरकार के सामने इससे बड़ी कानून व्यवस्था की खुली चुनौती और कोई नहीं हो सकती।इस हत्याकांड में जिस बर्बरता से पत्थर इत्यादि से कूच कूच कर हत्या के साथ छोटी बच्ची व विकलांग युवती के शरीर को बुरी तरह क्षत-विक्षत किया गया,उससे हम सबके कलेजे दहल गए हैं।इससे प्रयागराज की पुलिस की कार्य कुशलता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है,क्योंकि ऐसी घटनाएं यहां कई बार हो चुकी है श्रीमती यादव ने कहा कि शीघ्र ही अपराधियों को पकड़ कर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो हम सब आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। वरिष्ठ सामाजिक नेता डॉ अंकित यादव ने चेताया कि इस तरह की घटनाएं समाज में भय पैदा कर रही है जिसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाना चाहिए इसके पहले श्रीमती शालिनी यादव के प्रतिनिधिमंडल ने इस हत्याकांड में परिवार के सदस्य सुनील यादव व उनकी मामी शर्मिला यादव सहित



अन्य परिजनों से मिलकर घटनाक्रम की विधिवत जानकारी ली। उन्होंने परिजनों द्वारा न्याय मांगे जाने पर उन्हें घटना के खुलासा का भरोसा देते हुए सरकार से मृतकों के परिजनों को ?50 लाख की आर्थिक सहायता और नौकरी देने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में श्रीमती शालिनी यादव के अलावा डॉ अंकित यादव, वीर सिंह यादव, अशर्फी लाल शास्त्री एवं मुन्नालाल यादव सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### रमजान के अवसर पर भाजपा ने जरूरतमंदों को वितरण करायी सेवंई किट



प्रखर चन्दौली। जिले अलीनगर थाना क्षेत्र के लौंदा गांव में भाजपा ने अल्पसंख्यक समुदाय तथा जरूरतमंदों में सेवई किट सामग्री का वितरण किया। आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार के सरपरस्ती एवं आदेशानुसार राष्ट्रीय मुस्लिम मंच चंदौली के तत्वाधान में क्षेत्रीय संयोजक काशी क्षेत्र अधिवक्ता ताज मोहम्मद एवं क्षेत्रीय सहसंयोजक अजहरूद्दीन के निर्देश पर रमजान शरीफ के मुकद्दस महीने में सैयद सरफराज पहलवान प्रमुख पर्यावरण विभाग कांशी प्रांत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा लौंदा गांव में मौलवी क्यामुद्दीन (लोकतंत्र रक्षक सेनानी) के हाथों से अल्पसंख्यक समुदाय के हर जरूरतमंद लोगों में सेवंई किट सामग्री का वितरण कराया गया। सैयद सरफराज पहलवान ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में रोजा रखने वाले जरूरतमंद लोगों की सहायता करना ईश्वर की इबादत करने के बराबर है। प्रमुख उद्देश्य होता है आपसी प्रेम और भाइचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना। आर्थिक स्थिति से कमजोर लोग अक्सर इससे वंचित रह जाते है। परिणामस्वरूप द्वारा यह पहल किया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर अल्पसंख्यक समुदाय बंधुओं में सेवई किट वितरण किया जाय।

### शत-प्रतिशत नामांकन महाभियान में जुटे शिक्षक



प्रखर केराकत जौनपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल के शत-प्रतिशत नामांकन महाभियान के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी केराकत मुकेश कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक केराकत के शिक्षक नामांकन लक्ष्य को पूरा करने की कोशिश में लगे रहे। उक्त के क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय उसरपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष शिव बचन यादव, सहायक अध्यापक छेदीलाल के द्वारा गांव में दूरदराज क्षेत्रों में जाकर नामांकन महाभियान के अंतर्गत अभिभावकों से संपर्क करते हुए नामांकन में तेजी लाने का प्रयास किया गया।

### आईसीएसई एवं आईएससी की परीक्षाएं शुरू



प्रखर जौनपुर। सेंट जॉन्स स्कूल, सिद्दीकपुर में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएँ प्रारम्भ हुई। परीक्षा के लिए विद्यालय प्रशासन ने चाकचौबंद व्यवस्था की है। कोविड के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विद्यार्थियों को मास्क पहनने की हिदायत दी गई है।विद्यालय में हैंडसेनेटाइजर एवं जल आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। हाईस्कूल में 153 परीक्षार्थियों में 152 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं।एक विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित नहीं हुआ। इंटरमीडिएट में कुल 98 विद्यार्थी हैं। जिनमें गणित वर्ग में 45 एवं जीव विज्ञान वर्ग में 53 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।हाईस्कूल की परीक्षा 25 अप्रैल से 19 मई तक तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 26 अप्रैल से छह जून तक चलेगी।सोमवार को पहले दिन हाईस्कूल की अंग्रेजी प्रथम प्रश्न पत्र की परीक्षा सकुशल सम्पादित हुई।परीक्षा से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि परीक्षा स्वयं के मूल्यांकन का माध्यम है।सालभर जो पढ़ा-लिखा उसका मूल्यांकन होता है।सालभर की पढ़ाई का आँकलन परीक्षावधि में किए गए प्रदर्शन से होता है इसलिए विद्यार्थियों को धैर्यपूर्वक एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा भवन में बैठना चाहिए।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं